नई दिल्ली

शनिवार, 19 जुलाई 2025

श्रावण मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 95

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 33.0
न्यूव. 23.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,757.73 | 551.51 ▼ |
| निफ्टी | 24,968.40 | 143.05 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 98,770/- | 100/- ▲ |
| चांदी | 1,10,500/- | --- |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 86.16 | 4 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 70.16 बैरल | 0.92% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## विशाखापत्तनम में हुए एक समारोह में रक्षा राज्य मंत्री ने निस्तार को नौसेना में किया शामिल

# नौसेना की प्रमुख सुरक्षा भागीदार की मजबूत भूमिका का प्रतीक 'निस्तार'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमाओं पर बढ़ती चीन-पाकिस्तान की साझा युद्ध जैसी चुनौती के बीच शुक्रवार को स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ निर्मित पहला डाइविंग सपोर्ट युद्धपोत 'आईएनएस निस्तार' नौसेना के जंगी बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल किया गया। विशाखापत्तनम में एक भव्य समारोह हुआ। जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह युद्धपोत हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) द्वारा निर्मित दो में से पहला है। जिसे गहरे समुद्र में गोताखोरी और बचाव कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए देश के अंदर तैयार किया गया है। वर्तमान में यह क्षमता दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों के पास ही है। अब इस ▶▶ शेष पेज 5 पर



### देश की तकनीकी संपत्तिः सेठ

समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि निस्तार युद्धपोत क्षेत्र में नौसेना की प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता और मुख्य सुरक्षा भागीदार की भूमिका को मजबूती के पुष्ट करता है। ये न केवल देश की तकनीकी संपत्ति है। बल्कि एक महत्वपूर्ण परिचालन प्रवर्तक भी है। जिसे नौसेना में शामिल किया जाना तकनीकी उपलब्धि के साथ ही भविष्य के लिए तैयार बल के निर्माण की दिशा में भारतीय जहाज निर्माण के अध्याय में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के प्रमुख प्रयासों में से एक रहा है। मौजूदा वक्त में देश के अलग-अलग शिपयार्ड में बनाए जा रहे 57 युद्धपोतों का निर्माण स्वदेशी स्तर पर किया जा रहा है। सेठ ने सशस्त्र बलों की क्षमताओं पर विश्वास जताते हुए कहा कि भारत अपने विरोधियों के किसी भी दुस्साहस से मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पनडुब्बी बचाव में मददगार

नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा, निस्तार एक तकनीकी संपत्ति के साथ एक अहम परिचालन प्रवर्तक है। निस्तार नौसेना के अलावा हमारे क्षेत्रीय भागीदारों को पनडुब्बी बचाव सहायता प्रदान करेगा। जिससे देश एक पसंदीदा पनडुब्बी बचाव भागीदार के रूप में उभर सकेगा। यह युद्धपोत आत्मनिर्भर भारत के साथ ही हमारे समुद्री औद्योगिक आधार की बढ़ती क्षमता की परिपक्वता का प्रमाण है।

### निस्तार की विशेषताएं

मंत्रालय ने कहा कि निस्तार गहरे समुद्र में 300 मीटर की गहराई तक गोताखोरी और बचाव कार्यों में सहयोग कर सकता है। इसमें अत्याधुनिक डाइविंग उपकरण (रिमोट संचालित वाहन, स्व-चालित हाइपरबेरिक लाइफबोट, डाइविंग कम्प्रेशन चेंबर) लगे हुए हैं। पोत की मदद से समुद्री सतह से काफी नीचे संकट में फंसी हुई पनडुब्बी से कर्मियों को बचाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए गहरे जलमग्न बचाव पोत की तरह से भी कार्य किया जा सकता है। इसकी लंबाई 118 मीटर और कुल वजन-विस्थापन क्षमता 10 हजार टन से अधिक है। निस्तार के निर्माण में 120 एमएसएमई ने योगदान दिया है। इसमें 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। समारोह में नौसेना और एचएसएल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एक्टर विजय देवरकोंडा की तबीयत खराब, भर्ती

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी तबीयत ठीक नहीं है, वो इस वक्त डेंगू से जूझ रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया है कि उन्हें जल्द अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। उनकी 'किंगडम' फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले ही एक्टर की तबीयत बिगड़ गई।



### ट्रक से टकराई कार, 5 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के आउटर रिंग रोड पर शुक्रवार तड़के एक कार ने एक ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ा। पपुलिस के अनुसार कार चालक को नींद का झोंका आया जिसके



### अश्विनी गुप्ता पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कैलिफोर्निया यूएसए की अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी ने एसीबी इंडिया ग्रुप के पूर्व एचआर हेड अश्विनी गुप्ता को उनके 40 वर्षों के योगदान के लिए इंडस्ट्रियल रिलेशन्स एंड लेबर लॉ में मानद डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया गया।



## भारत की 'आतंकवाद' पर बड़ी कूटनीतिक जीत...

# 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को अमेरिका ने घोषित किया विदेशी आतंकी संगठन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीमा-पार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मामले पर भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है। जिसमें अमेरिका ने इस साल के मध्य में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से प्रतिबंधित वैश्विक आतंकी संगठन (एसडीजीटी) घोषित कर दिया है। भारत की तरफ से शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका के इस निर्णय का स्वागत किया।

एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह फैसला भारत-अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ सहयोग से जुड़ी हुई दृढ़ प्रतिज्ञा को प्रदर्शित करता है। 'आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस.# ऑप-सिंदूर। उन्होंने कहा, 'मैं 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विदेश मंत्रालय की सराहना करता हूं'। टीआरएफ ने पहलगाम ▶▶ शेष पेज 5 पर


**22 अप्रैल को किए गए पहलगाम आतंकी हमले का असल गुनहगार टीआरएफ, 26 लोगों की हत्या की थी**




- *2019 में जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटाए जाने के बाद बना बौखलाए पाकिस्तान की आतंकी साजिश का नया चेहरा*
- *भारत सरकार ने जनवरी 2023 में ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित कर दिया था*

*चीन की प्रतिक्रिया, क्षेत्रीय सुरक्षा के मद्देनजर इलाके के देशों को आतंकवाद के विरूद्ध सहयोग बढ़ाना चाहिए*

### पहलगाम हमले में ट्रंप का न्याय



अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो के हवाले से एक बयान में कहा कि वह टीआरएफ को एफटीओ और एसडीजीटी की सूची में शामिल कर रहा है। जिसने पहलगाम आतंकी हमले (26 लोगों की हत्या की गई) की जिम्मेदारी ली थी। ये हमला भारत में 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा मुंबई में किए गए आतंकी हमले के बाद आम जन पर किया गया सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों पर किए गए कई हमलों की जिम्मेदारी ली है। जिसमें 2024 में हुआ हमला भी शामिल है। आतंकी संगठन के खिलाफ की गई कार्रवाई अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कहीं भी छिपे हों आतंकी, बच नहीं सकेंगे

विदेश मंत्रालय ने भी इस संबंध में एक बयान जारी कर कहा, भारत सरकार अमेरिका के टीआरएफ को लेकर लिए गए निर्णय का स्वागत करती है। यह एक सही समय पर लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय है। इस संबंध में हम विशेष तौर पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के योगदान और उनके नेतृत्व की सराहना करते हैं। टीआरएफ जो पाकिस्तान स्थित लश्करे-ए-तैयबा का एक छद्म आतंकी संगठन है और उसकी भारत में कई आतंकी गतिविधियों में भूमिका रही है। जिसमें पहलगाम में आम लोगों की बेहद निर्ममता के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत में इन हमलों का गुनहगार टीआरएफ

सूत्रों ने बताया, केंद्र सरकार द्वारा अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से की गई धारा-370 की समाप्ति से बुरी तरह से बौखलाए पाकिस्तान ने आईएसआई की मदद कई आतंकी संगठनों को नए नाम, पहचान के साथ आगे किया था। इसी साल अक्टूबर महीने में एलईटी के मुखौटा संगठन के रूप में टीआरएफ को केंद्रशासित प्रदेश में आतंक का खूनी खेल खेलने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसका मुख्य काम आतंकी हमले से लेकर भर्ती, प्रॉपेगेंडा, तस्करी करना था। ये अपने हमलों में ज्यादातर आम लोगों, अल्पसंख्यकों, सुरक्षाबलों और पर्यटकों को निशाना बनाता रहा है। भारत सरकार ने 2023 में टीआरएफ को यूएपीए कानून के तहत आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। आतंकी शेख सज्जाद गुल टीआरएफ का मुख्य कमांडर, संस्थापक मोहम्मद अब्बास शेख (मारा जा चुका), मुख्य ऑपरेशनल कमांडर बासित अहमद डार (मारा जा चुका) ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बघेल के परिवार पर ईडी की फिर 'नकेल'

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य गिरफ्तार, शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई



### कोर्ट ने पांच दिन के लिए ईडी कस्टडी में भेजा

- *भूपेश ने लिखा- भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी*
- *भूपेश सरकार के दौरान 3200 करोड़ का शराब घोटाला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एक कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई।

भूपेश बघेल ईडी की कार्रवाई के दौरान विधानसभा के लिए घर से निकल गए थे। भिलाई वाले घर पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापा मारा था। ईडी ने ये कार्रवाई मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित शराब घोटाले से जुड़े एक मामले में की है। कार्रवाई के दौरान नाराज समर्थकों ने बैरिकेडिंग को हटाने की मांग की। साथ ही समर्थकों ने बैरिकेडिंग को गिरा दिया था। ईडी के घर पहुंचने पर भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर जानकारी देते हुए लिखा था कि ईडी आ गई है। यह विधानसभा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### शराब घोटाला मामले में हुए थे 22 अफसर निलंबित

बीती 11 जुलाई को छत्तीसगढ़ सरकार ने आबकारी विभाग से जुड़े एक बहुचर्चित मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की। कुल 22 अधिकारियों को निलंबित किया। यह कार्रवाई पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के दौरान हुए 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले की जांच के आधार पर की गई है। वर्ष 2019 से 2023 के बीच हुए इस घोटाले में आबकारी विभाग के इन अधिकारियों की संलिप्तता पाई गई थी, जिन्होंने अवैध रूप से अर्जित धन से संपत्तियां बनाई थी। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो और भ्रष्टाचार ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारत और कोरिया ने संसदीय सहयोग को गहराने की प्रतिबद्धता दोहराई

# लोकसभा अध्यक्ष ने कोरिया के पूर्व प्रधानमंत्री से भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन में कोरिया गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री किम बू क्यूम के नेतृत्व वाले एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान भारत की आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की अटूट नीति को दोहराया। बिरला ने जम्मू-कश्मीर में हुए हालिया आतंकवादी हमले, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे, की कड़ी निंदा की और कहा कि इस प्रकार की जघन्य घटनाएं अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर देती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा अपनी धरती पर मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई न करने के कारण, भारत ने अपनी संप्रभुता का ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भारत-कोरिया के संबंध प्रगाढ़ होंगे

बिरला ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने और हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना पर संवेदना संदेश भेजने के लिए कोरियाई राष्ट्रीय विधानसभा के अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। उन्होंने कोरिया की जनता को हाल ही में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 26 व 27 जुलाई को सीईटी परीक्षा के लिए सरकार की पूरी तैयारीः मुख्यमंत्री

# परीक्षार्थियों को केंद्र तक लेकर जाने और वापस घर छोड़ने के लिए 9200 बसों की व्यवस्था

**प्रदेशभर से सीईटी ग्रुप-सी के लिए 13 लाख 87 हजार युवाओं ने किया है आवेदन**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि परीक्षार्थियों की मांग को देखते हुए सरकार द्वारा प्रदेश में दूसरी सीईटी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सरकार ने सीईटी की परीक्षा को लेकर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। प्रदेशभर से सीईटी ग्रुप-सी के लिए 13 लाख 87 हजार युवाओं ने आवेदन किया। इन आवेदकों की 26 व 27 जुलाई को परीक्षा ली जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को परीक्षा केंद्र तक लेकर जाने और वापस छोड़ने के लिए 9200 बसों की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहा कि बस सुविधा के लिए युवाओं से रजिस्ट्रेशन करवाए जा रहे हैं। सरकार ने हरियाणा रोडवेज की बसों के अलावा प्राइवेट स्कूलों की बसों को भी सीईटी परीक्षा के लिए तैयार किया है। इसके लिए प्राइवेट स्कूलों से आग्रह किया था, ताकि युवाओं और बेटियों को सुविधा मुहैया करवाई जा सके। परीक्षा के समय युवतियों के साथ परिवार का एक सदस्य भी पेपर के समय फ्री में यात्रा कर सकता है। कांग्रेस ने लंबे समय तक भ्रष्टाचार किया मुख्यमंत्री ने रॉबर्ट वाड्रा के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि लंबे समय से उन पर केस चल रहा था जिसकी जांच ▶▶ शेष पेज 5 पर

## महिला सशक्तिकरण पर बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

# महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना भी जरूरी, तभी विकास

◆ ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते

एजेंसी ▶▶ सोलापुर

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही देश का विकास संभव है। समाज में महिलाओं को पिछड़ी परंपराओं और रुढ़ियों से मुक्त किया जाना चाहिए, क्योंकि महिलाओं को पुरुषों के बराबर सभी योग्यताएं प्राप्त हैं। उन्होंने कहा- महिलाओं की स्वतंत्रता से पूरा समाज लाभान्वित होता है। वे महाराष्ट्र के ▶▶ शेष पेज 5 पर



### महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है

*उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे, यह एक अहंकार की बात है। ऐसा सोचने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाओं को बस स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, उन्हें पिछड़ी परंपराओं से मुक्त करना चाहिए और उन्हें खुद को विकसित करने देना चाहिए। जब एक महिला आगे बढ़ती है, तो वह पूरे समाज को आगे ले जाती है।*

## संसद के मानसून सत्र से पहले भाजपा नेताओं ने किया मंथन, बनाई रणनीति

# रक्षामंत्री राजनाथ के आवास पर हुई बैठक में अमित शाह और जेपी नड्डा सहित कई बड़े नेता रहे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र से पहले शुक्रवार को भाजपा के प्रमुख नेताओं ने एक बैठक में संसद सत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सोमवार से शुरू हो रहे सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं और विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश में है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आयोजित होने वाले इस पहले सत्र में विपक्ष का रूख हमलावर रहने की बात कही जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा नेताओं ने एक रणनीतिक बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल, जेपी नड्डा, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और ▶▶ शेष पेज 5 पर

- पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष के आक्रामक होने के आसार
- संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे रिजिजू



फाइल फोटो

### 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र

*गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। सरकार आगामी सत्र के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की भी तैयारी में है। सूत्रों* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संसद में ये विधेयक हो सकते हैं पेश

संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है। साथ ही गोवा राज्य के विधानसभा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप



नई दिल्ली में गत दिनों आयोजित एक समारोह में कैलिफोर्निया यूएसए की अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी ने एसबी इंडिया ग्रुप के पूर्व एचआर हेड अश्विनी गुप्ता को उनके 40 वर्षों के योगदान के लिए इंडस्ट्रियल रिलेशन्स एंड लेबर लॉज़ में हॉनररी पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### करंट लगने से 36 वर्षीय युवक की मौत को लेकर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के उत्तम नगर थाना एरिया में एक 36 वर्षीय युवक की करंट लगने से हुई संदिग्ध मौत को लेकर पुलिस ने कई दिन बाद केस दर्ज किया है। मृतक का नाम करण देव पुत्र कृष्ण देव निवासी ओम विहार, फेज 1 ए, उत्तम नगर बताया गया है। शव का पोस्टमॉर्टम दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में करवाया गया था। पुलिस का कहना है कि पहले परिजनों ने कोई आरोप या संदेह व्यक्त नहीं किया था। बाद में उन्होंने मौत पर संदेह जताया। इसलिये केस दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को माता रूपरानी मग्गो अस्पताल, उत्तम नगर से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें करण देव नामक युवक को करंट लगने पर अस्पताल लाया गया था और उसे मृत घोषित किया गया था। उस समय परिवार के सदस्यों ने कोई आरोप नहीं लगाया और पोस्टमार्टम न कराने की इच्छा जताई। हालांकि मृतक की उम्र को देखते हुए और किसी भी अस्वाभाविक परिस्थिति से बचने के लिए पोस्टमार्टम करवाया गया। 16 जुलाई को मृतक के भाई कुणाल ने अपने भाई की मृत्यु के संबंध में संदेह के साथ पुलिस से संपर्क किया। इसलिए, प्रारंभिक जांच की गई और जांच और जांच कार्यवाही के दौरान उपलब्ध सामग्री के आधार पर उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### केमिकल फैक्ट्री और गोदाम में लगी आग कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली और यूपी बॉर्डर के सभापुर इलाके के एक केमिकल फैक्ट्री और गोदाम में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। दिल्ली और यूपी दमकल विभाग की कई गाड़ियां आग बुझाने में लगाई गई है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने जानकारी दी कि आग लगने की सूचना दोपहर तीन बजकर 20 मिनट पर मिली। अधिकारी ने बताया कि आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गोदाम व फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने के लिए दिल्ली दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। यूपी दमकल विभाग की भी चार गाड़ियां आग बुझाने के कार्य में लगाई गई थी। फैक्ट्री दिल्ली और यूपी बॉर्डर पर बताई गई है।

### छात्र और अभिभावकों में दहशत

# 45 से अधिक स्कूलों और तीन कॉलेजों को मिली बम की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्कूलों और कॉलेजों में बम की फर्जी धमकियां मिलने का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। 45 से अधिक स्कूलों और तीन कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकियां ईमेल के जरिए भेजी गई। इसके बाद छात्रों और अभिभावकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस हफ्ते यह चौथा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस और विभिन्न एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। इन सभी संस्थानों को ईमेल के माध्यम से धमकियां मिली थी। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों के साथ तथा अग्निशमन विभाग के कर्मी स्कूलों और कॉलेजों की ओर रवाना हुए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों से प्राप्त नवीनतम जानकारी के अनुसार जिन तीन कॉलेजों को ऐसी धमकियां मिली उनमें इंद्रप्रस्थ (आईपी) महिला कॉलेज, हिंदू कॉलेज और उत्तरी दिल्ली स्थित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) शामिल है। इससे पहले कई जिलों के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। द्वारका में छह स्कूलों सेंट थॉमस स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल, डीआईएस एज स्कूल, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका इंटरनेशनल स्कूल और ला पेटिटे मोंटेसरी के प्रशासन ने धमकियां मिलने की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद इन स्कूलों में सर्च अभियान शुरू किया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईमेल में कहा गया, नमस्ते। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैंने स्कूल के कक्षों में कई विस्फोटक उपकरण रखे हैं। विस्फोटकों को काले प्लास्टिक बैग में बड़ी कुशलता से छिपाया गया है।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका के स्कूलों में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसी तरह रोहिणी में सेक्टर 3 में एमआरजी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 24 में सॉवरेन पब्लिक स्कूल और हेरिटेज पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 में दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सेक्टर 3 में अभिनव पब्लिक स्कूल और हेरिटेज स्कूल के अधिकारियों को परिसर में विस्फोटक उपकरणों की मौजूदगी वाला ईमेल मिलने के बाद पुलिस से संपर्क किया गया था। इसके बाद स्कूलों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। पीतमपुरा (मैक्सफोर्ट जूनियर स्कूल और गुरु नानक स्कूल) और पश्चिम विहार (रिचमंड स्कूल और दून पब्लिक स्कूल) के स्कूलों में भी ऐसे ईमेल प्राप्त होने के बाद तनाव का माहौल रहा। साइबर टीम ईमेल भेजने वाले को ट्रेस करने में जुट गई है। राष्ट्रीय राजधानी के अन्य हिस्सों के स्कूलों में भी इसी तरह की गहमा-गहमी रही।

दक्षिण दिल्ली स्थित समरफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, भारती पब्लिक स्कूल (स्वास्थ्य विहार), हमदर्द पब्लिक स्कूल (संगम विहार), सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल (राज निवास मार्ग), नॉर्थ दिल्ली पब्लिक स्कूल (शालीमार बाग), न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल (विकासपुरी), मीरा नर्सरी स्कूल (जनकपुरी), प्रूडेंस स्कूल, द इंडियन स्कूल (सादिक नगर), दिल्ली पब्लिक स्कूल (मथुरा रोड), मैटर डे स्कूल (तिलक लेन) भी उन 45 स्कूलों में शामिल हैं जिन्हें ईमेल से धमकी दी गई है। पुलिस के अनुसार, दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल (पालम), जूनियर दिल्ली स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (आर के पुरम, ईस्ट ऑफ कैलाश और वसंत विहार), द ब्रिटिश स्कूल (चाणक्यपुरी), दिल्ली सिटी स्कूल (बवाना), फेथ अकादमी (प्रसाद नगर), एमिटी इंटरनेशनल स्कूल (साकेत), कैमब्रिज फाउंडेशन स्कूल (राजौरी गार्डन), बिग फेदर इंटरनेशनल स्कूल, कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल (अशोक विहार) को भी धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए हैं।

# सेक्सटॉर्शन गैंग का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने मेवात से सेक्सटॉर्शन रैकेट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार किया है। इसने दिल्ली में एक व्यक्ति से 35,000 रुपये की जबरन वसूली की थी। मास्टरमाइंड के अलावा तीन अन्य साइबर अपराधी भी गिरफ्तार किये गये हैं। इनके पास से सात मोबाइल फोन और छह सिमकार्ड बरामद हुये हैं।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार एक मामला अंकित कुमार निवासी भगवानपुर खेड़ा, शाहदरा के बयान पर केस पंजीकृत किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से शुरुआत में क्वैक क्वैक ऐप पर संपर्क किया। फिर व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए एक महिला की पहले से रिकॉर्ड की गई अश्लील वीडियो चलाई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे नग्न होने के लिए प्रेरित किया गया और बाद में उसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया। बाद में शिकायतकर्ता को खुद का अश्लील वीडियो मिला। जो जालसाज द्वारा रिकॉर्ड किया गया था। उस अश्लील वीडियो को हटाने के बदले में जालसाज ने पैसे की मांग की, अन्यथा इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल करने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता इतना डर गया और दबाव में आकर उसने व्हाट्सएप पर उस जालसाज द्वारा दिए गए बैंक खाते में 35 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। मामले की जांच के दौरान तकनीकी निगरानी और धन के लेन-देन के विश्लेषण के माध्यम से पुलिस टीम ने संदिग्धों को मेवात क्षेत्र, विशेष रूप से जुरहेड़ा, जिला-डीग, राजस्थान में ट्रैक किया। पहली छापेमारी दिल्ली में की गई, जहां से कथित खाताधारक मंगल सिंह निवासी झंगोला, दिल्ली और उसके सहयोगी श्याम सिंह निवासी मेवात राजस्थान सहित दो जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच के दौरान इस रैकेट का मास्टरमाइंड/सरगना अरमान खान गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों के नाम आसिद खान, श्याम सिंह और मंगल सिंह बताये गये हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि, पुत्र राम प्रवेश निवास मकान नं. 55, गली नं. 7, अर्जुन नगर, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 385/2022 दिनाँक 06.10.2022, भा.द.सं. की धारा 323/341 के तहत, थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 385/2022 दिनाँक 06.10.2022 भा.द.सं. की धारा 323/341 के तहत, थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, (दक्षिण),
कमरा नं. 212, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/8539/SW/2025



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे सनक्ष परिवाद किया नामः **रौनक अंसारी उर्फ मिट्ठू पुत्रः अजीमुद्दीन अंसारी, निवासीः डी-293, गली नंबर 6, मंगल बाजार रोड, शारदानंद कॉलोनी, भलस्वा डेयरी दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 28/2019 U/S 498A/306 IPC, थाना भलस्वा डेयरी, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली,** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रौनक अंसारी उर्फ मिट्ठू** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रौनक अंसारी उर्फ मिट्ठू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 28/2019 U/S 498A/306 IPC, थाना भलस्वा डेयरी, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **रौनक अंसारी उर्फ मिट्ठू** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **24.09.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुशील कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, उत्तरी जिला,
कमरा नं. 206, द्वितीय तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/9437/ON/2025
(अदालती मामला)


## पार्षद के घर फायरिंग सबूत है दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बदतर, ट्रिपल इंजन की सरकार विफलः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकारों पर निशाना साधा है। यादव ने कबीर नगर वार्ड से कांग्रेस पार्टी के निगम पार्षद हाजी जरीफ़ के घर पर हुई फायरिंग की घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि अब लोगों के साथ नेता भी घरों में सुरक्षित नही है। दो दिन पहले एफ़आईआर होने के बावजूद, चिन्हित अपराधी अभी तक पकड़ा नही गया और उल्टे उसका भाई सोशल मीडिया पर पीड़ितों को सरेआम धमकी दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में पुलिस कमिश्नर को पीड़ित परिवार को तुरंत सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए। पार्षद पर फायरिंग होना राजधानी में बढ़ते अपराध और चरमराई कानून व्यवस्था का स्पष्ट प्रमाण है। दिल्ली क्राईम केपिटल बनी हुई है। पिछले 6 महीनों में 250 हत्याएं होना अत्यंत संवेदनशील है, जबकि इसी दौरान 386 मामले हत्या के प्रयास, 437 मामले लूटपाट, 2503 झपटमारी और 3186 मामले सैंधमारी के दर्ज हुए है। अपराधियों पर पुलिस का कोई नियंत्रण नही है, दिल्ली में हर दिन खुलेआम गोलीबारी हो रही है और पिछले 6 महीनों में हत्या के मामलों में 3.73 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। यादव ने कहा कि बलात्कार, यौन अपराधों, छेड़छाड़ के बढ़ते अपराध के कारण राजधानी महिलाओं और बच्चों के लिए असुरक्षित बन चुकी है। क्योंकि पिछले 6 महीनों में दुष्कर्म और पॉक्सो के 932 मामले दर्ज हुए है। उन्होंने कहा कि एक रिकॉर्ड के अनुसार 1 जनवरी से 30 जून के दौरान भारतीय न्याय संहिता और भारतीय दंड संहिता के तहत 1,18,822 मामले दर्ज हुए है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए चिंता व्यक्त की कि राजधानी में प्रतिदिन 5 बलात्कार, 2 हत्या, 18 झपटमारी, सैंकड़ों चेन स्नेचिंग के मामले होते है जो दर्ज ही नही होते और 3 डकैती के अपराध हो रहे हैं।

## विकसित दिल्ली नहीं, कर्ज में डूबी दिल्ली बनाने में जुटी है दिल्ली सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाए है कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली को विकसित नहीं बल्कि कर्ज में डूबी दिल्ली बनाने में जुटी है। कांग्रेस ने कहा कि एक लाख करोड़ के बजट का सच सामने आने लगा है। भाजपा की रेखा सरकार दिल्ली को सहयोग देने के नाम पर मोदी सरकार से कर्ज पर योजनाएं ला रही है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही एस.ए.एस.सी.आई. (राज्यों को पूंजीगत व्यय हेतु विशेष सहायता) योजना के अंतर्गत दिल्ली सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने पर्यटन परियोजनाओं के लिए 600 करोड़ रुपये के कर्ज का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। बीते कल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिली और अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है। उन्होंने दावा किया कि बैठक उसी रणनीति का हिस्सा थी, जिसके तहत दिल्ली को धीरे-धीरे कर्ज के बोझ में डुबोया जा रहा है। यादव ने भाजपा सांसदों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे पिछले वर्षों में दिल्ली के लिए कोई विशेष अनुदान तक नहीं ला सके। उन्होंने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये के तथाकथित बजट में से 15,000 करोड़ रुपये कर्ज और 9,950 करोड़ रुपये अतिरिक्त टैक्स के रूप में दिल्लीवासियों से वसूले जाएंगे।

## एनडीएमसी क्षेत्र में अवार्ड जीतकर बीजेपी निगम क्षेत्र के निवासियों की आँखों में झोंक रही धूल

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) जैसे छोटे से क्षेत्र में अवार्ड जीतकर बीजेपी, निगम क्षेत्र के निवासियों के आँखों में धूल झोंक रही है। यादव ने कहा कि एनडीएमसी को 2024-25 के लिए शहरी स्वच्छता और सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता के लिए सुपर स्वच्छ लीग सिटी अवार्ड मिलना कोई बड़ा कीर्तिमान नहीं है। क्योंकि एनडीएमसी को 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छता के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। हमें यह नही भूलना चाहिए कि एनडीएमसी क्षेत्र में प्रधानमंत्री, मंत्री, एंबेसी, डिप्लोमेट, केन्द्र सरकार के कार्यालय और अधिकतर अधिकारी रहते है।

### आम आदमी पार्टी नेताओं पर साधा निशाना

## जांच या सुनवाई पर राजनीतिक षडयंत्र का लगाते हैं आरोप : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब भी आम आदमी पार्टी के नेताओं के आर्थिक अपराधों की जांच शुरू होती है या न्यायालय में सुनवाई आगे बढ़ने लगती है तो जांच या सुनवाई को राजनीतिक षडयंत्र बताने का उनका रटा रटाया अलाप शुरू हो जाता है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी नेताओं पर निशाना साधते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना का शुक्रवार का ब्यान उनकी पार्टी की राजनीतिक खीझ का परिणाम है। चुनावी हार जीत लोकतंत्र का भाग है पर बिना संघर्ष अपने जन्म से सत्ता सुख भोगने वाली आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मार्लेना आदि नेता दिल्ली की सरकार खोने के बाद से पूरी तरह हताश हैं तथा आज तक हार के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि गत लगभग 5 साल से अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया एवं सत्येंद्र जैन भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त रहे हैं और लम्बा समय जेल में रहने के बाद अब जमानत पर हैं। इनसे जुड़े सभी मामले अब न्यायिक जांच के दायरे में हैं, 'आप' नेता सार्वजनिक चर्चा में खुद पर लगे मामलों को राजनीतिक षडयंत्र बताते हैं पर न्यायालय में यह मामले को फर्जी नहीं बताते वहां जमानत पर छूटने के लिए फरियादें करते दिखते हैं।

## कुत्तों के आतंक के खिलाफ धरना आज

**नई दिल्ली।** सड़क पर कुत्तों के आतंक के खिलाफ, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और आरडब्ल्यूए आज, शनिवार 19 जुलाई, 2025 को सुबह करीब साढ़े 11 बजे जंतर-मंतर पर धरना देंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री गोयल ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सड़कों पर कुत्तों को खाना खिलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, सड़कों पर कुत्तों का प्रवेश निषेध नीति के तहत आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में भेजें और एबीसी नियमों में बदलाव की मांगें हैं।

# वसंत कुंज फार्म हाउस डकैती में वांछित अपराधी मुठभेड़ में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- केस में सभी 11 आरोपी हुये गिरफ्तार
- सात लाख कैश बरामद

वसंत कुंज दक्षिण थानाक्षेत्र में एक फार्म हाउस डकैती केस में वांछित अपराधी को स्पेशल स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया बदमाश दिनेश वर्मा उर्फ बिल्लू (40) उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का कुख्यात अपराधी है। वह बिहार में हत्या के प्रयास के एक मामले में भी वांछित था और पहले हत्या, आर्म्स एक्ट, डकैती, छीना झपटी के कई मामलों में शामिल था। इसके पास से एक स्वचालित पिस्तौल और दो कारतूस के अलावा चोरी की बाइक, स्कॉर्पियो व ऑरा कार बरामद हुई हैं। गिरफ्तार सभी 11 अपराधियों में से सात आरोपी कई जघन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। इनसे लगभग 7 लाख रुपये की नकद राशि बरामद हुई हैं।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 24 जून को घिटोरनी के फार्म हाउस में एक व्यापारी से 30 लाख की डकैती की घटना सामने आई थी। मामले को सुलझाने के लिए इंस्पेक्टर विजय बालियान के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ की टीम भी जांच में लगाई गई थी। 18 जुलाई को लगभग पौने दो बजे, विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर स्पेशल स्टाफ ने बिजवासन में द्वारका एक्सप्रेसवे फ्लाईओवर के पास बिजवासन-नजफगढ़ रोड पर जाल बिछाया। मुख्य आरोपी दिनेश वर्मा निवासी गाजियाबाद को मोटरसाइकिल पर भागने की कोशिश करते समय रोका गया। आत्मसमर्पण करने की चुनौती दिए जाने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें एक गोली हेड कांस्टेबल जग परवेश की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। सौभाग्य से उन्हें कोई चोट नहीं आई। आत्मरक्षा में पुलिस ने दो राउंड फायरिंग की जिसके परिणामस्वरूप वर्मा के दाहिने पैर के घुटने में गोली लग गई। पूछताछ के दौरान मामले के मास्टरमाइंड वर्मा ने डकैती की योजना बनाने और अपने साथियों को हथियार मुहैया कराने की बात कबूल की। वर्तमान मामले में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डकैती की योजना बहुत सोच-समझकर बनाई गई थी। शिकायतकर्ता का पूर्व ड्राइवर आदेश कुमार मुख्य साजिशकर्ता था। गिरोह ने व्यवसायी के फार्महाउस को निशाना बनाने के लिए अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाया। वर्मा जो नशे की लत और बेरोजगारी का इतिहास रखने वाला एक कुख्यात अपराधी है ने योजना को अंजाम देने के लिए जघन्य अपराधों में अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए डकैती का नेतृत्व किया। गिरफ्तार अन्य आरोपियों के नाम आदेश कुमार, सतेंद्र सिंह, अनिल, संतोष त्रिपाठी, शम्मी, अमित कुमार, आशीष उर्फ नीलू, विकास चौधरी, देवेन्द्र सिंह उर्फ गांधी और अरविंद त्यागी बताये गये हैं।

## पार्किंग को लेकर दो परिवारों में झगड़ा व मारपीट

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेयरी थाना क्षेत्र में गुरुवार रात दो पड़ोसी परिवारों के बीच झगड़ा व मारपीट की घटना हुई। गाड़ियों की पार्किंग को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के घायल लोगों की एमएलसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दावा किया कि केस में कोई सांप्रदायिक पहलू शामिल नहीं है। डीसीपी आउटर नॉर्थ हरेश्वर के अनुसार धारा 109(1), 333, 324/3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में कोई सांप्रदायिक एंगल नहीं है। पुलिस ने लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील की है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में पीएसडी सढौरा (सढौरा निर्वाचन क्षेत्र) के तहत विभिन्न 6 अदद रोड का सीसीबी और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान (आईडी 752, 765, 768, 957, 1010, 8331) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) जी-IV. | 16.07.2025 25.07.2025 | 222.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd- naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) कि.मी. 0.00 से 3.450 में कुंडा कलां ऐप रोड (रोड आईडी 7243) (ओडीआर) पर सीमेंट कंक्रीट पेवरमेंट सहित मजबूतीकरण का कार्य + 2 कार्य। | 17.07.2025 28.07.2025 | 1306.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-kamal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-12ए, पंचकूला में हरियाणा मंत्री मकानों के परिसरों में 30 मिमी मोटी बीसी का प्रावधान। | 16.07.2025 29.07.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722618279 pwd-eecd- chandigarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में बड़ा गांव (बसंती कॉलोनी) से कुंजपुरा रोड (रोड आईडी 7173) (ओडीआर) पर सीवर लाइन बिछाने हेतु जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाये गये रोड कट का पुनरोद्धार + 2 कार्य। | 17.07.2025 23.07.2025 | 32.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-kamal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव रढाना में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 23.07.2025 | 25.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत जिले में बुटाना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सीसीटीवी सिस्टम का प्रावधान + 1 कार्य। | 18.07.2025 24.07.2025 | 31.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.i |
| 7 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में सरस्वती नगर से राजकीय आई.टी.आई. सरस्वती नगर तक (कि.मी. 0.00 से 1.96) तक रोड का नया निर्माण। | 16.07.2025 26.07.2025 | 190.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव पावटा ब्लॉक फरीदाबाद जिला फरीदाबाद (एफ) में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, वीएजीवाई। | 17.07.2025 23.07.2025 | 41.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में गांव सादोपुर (अम्बाला सिटी) में एकीकृत परिसर का निर्माण। | 15.07.2025 04.08.2025 | 3619.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में जिला नागरिक हस्पताल के परिसर में शौचालयों की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 15.07.2025 24.07.2025 | 78.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना, फतेहाबाद और रतिया निर्वाचन क्षेत्र के तहत विभिन्न सड़कों की विशेष मरम्मत / सुधार। (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (ग्रुप-3) 1. उकलाना गाजुवाला से ढाणी बिलासपुर कि.मी. 0.00 से 1.48 पर आईपीबी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 5461), 2. धारसुल भुना रोड से सिनथला से रतिया भुना रोड कि.मी. 0.00 से 2.18 पर आईपीबी और चौड़ा करना तथा मजबूतीकरण (रोड आईडी 5446/11233), 3. नेहला से कानोह रोड कि.मी. 0.00 से 5.60 तक विशेष मरम्मत (रोड आईडी 9116), 4. भुथान खुर्द से हस्सगां रोड कि.मी. 0.00 से 3.40 तक विशेष मरम्मत (रोड आईडी 5552) + 1 कार्य। | 16.07.2025 28.07.2025 | 491.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 03 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 18.07.2025 20.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 5 वर्ष की अवधि के लिए सीएएक्यूएमएस के 25 स्टेशनों हेतु डेटा के प्रचालन और रखरखाव सेवाओं का नवीनीकरण। | 18.07.2025 20.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड ब्लीचिंग पाउडर की खरीद। | 18.07.2025 04.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज रोहतक | गांव बहुजमालपुर ब्लॉक रोहतक में जलघर के साथ-साथ पंचायती भूमि की चारदिवारी का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 1 कार्य। | 15.07.2025 22.07.2025 | 7.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 16 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद / डीआरडीए महेन्द्रगढ़ एट नारनौल | मैनपावर के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी की नियुक्ति। | 20.07.2025 27.07.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416906980 zpnrl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/320/36754/I/88/7 दि. 18.07.25

### अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# दिल्ली में रह रहकर होती रही बारिश, कई जगह लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली में शुक्रवार को रह रहकर बारिश हुई, जिससे लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं कई जगह जलभराव होने से यातायात बाधित हुआ। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) की भविष्यवाणी सही साबित हुई और दिल्ली के कई क्षेत्रों में रह रहकर बारिश होने से पारा लुढ़क गया। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सबसे ज्यादा बारिश लोधी रोड 10.2 मिमी दर्ज हुई। जबकि सफदरजंग वेधशाला ने इसी दौरान 8.7 मिमी बारिश दर्ज की। इसके अलावा पालम में 2.8 मिमी, रिज एरिया में 5.6 मिमी, आया नगर में 2.6 मिमी, राजघाट में 9.5 मिमी, पूसा में 8.0 मिमी,नजफगढ़ में 7.0 मिमी और मयूर विहार में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। आइएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य तापमान से 0.9 डिग्री कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.6 डिग्री कम है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शनिवार व रविवार को आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। बादलों की गर्जना व बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी का अनुमान है कि सोमवार से अगले तीन चार दिनों तक ऐसे ही मौसम रह सकता है।

# पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह संदेश दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति एस्टेट में शुक्रवार को आयोजित 'वन महोत्सव 2025' में पौधरोपण करने के दौरान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें इस बात की अत्यंत प्रसन्नता है कि आज पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी जागरूक नागरिक एक मंच पर एकत्र हुए हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी भावनाओं से जुड़ी एक पहल है, जो न केवल हरियाली को बढ़ावा देगी, बल्कि समाज और पर्यावरण के बीच के रिश्ते को भी और अधिक सशक्त बनाएगी। पेड़ सिर्फ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु प्रदान करने वाले जीवंत संरक्षक हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे इस जन-अभियान में सरकार के साथ जुड़ें और पेड़ों को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल हरियाली का उत्सव नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक बेहतर और स्वच्छ वातावरण सौंपने का प्रयास है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान में भाग लेने और 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, जस्टिस नवीन चावला, जस्टिस ज्योति सिंह, जस्टिस अनूप भंभानी, जस्टिस अरुण त्यागी, एनजीटी एक्सपर्ट कमेटी मेम्बर डॉ. सेंथिल वेल, डॉ. अफरोज अहमद उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, सम्मानित न्यायमूर्ति, वन विभाग के अधिकारी तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

### पाइपलाइन की मरम्मत के चलते हिंदूराव अस्पताल सहित कई क्षेत्रों में नहीं आएगा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा चंद्रावल वाटर वर्क्स-टू और चंद्रावल-वन में कच्चे पानी की लाइन संबंधित मरम्मत के चलते कई क्षेत्रों में 21 जुलाई को जलापूर्ति बाधित रहेगी। डीजेबी द्वारा बताया गया कि चंद्रावल वाटर वर्क्स-टू और चंद्रावल-वन में नए 477 एमएलडी वाटर प्लांट को 2500 मिमी व्यास वाले कॉमन हेडर से 1800 मिमी व्यास वाली कच्चे पानी की पाइप लाइन के इंटरकनेक्शन का कार्य होगा। जिसके चलते हिंदूराव अस्पताल सहित कई क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक पानी आपूर्ति बंद रहेगी। इसको लेकर डीजेबी ने बताया कि संबंधित लाइन के करीब 12 घंटे बंद रहने से हिंदूराव अस्पताल सहित दर्जनों क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

**AGGARWAL VIDYA PRACHARNI SABHA (Regd.), BALLABGARH**

**AGGARWAL COLLEGE, BALLABGARH**

(Haryana Govt. Aided, Affiliated to M.D. University, Rohtak)

**Ph:** 0129-2308348, 9212371284

**Website:** www.aggarwalcollege.ac.in | **Email:** aggpgcollege@gmail.com

**Advertisement for the Post of**

**PRINCIPAL**

Applications are invited from eligible candidates for the Haryana Govt. Aided Sanctioned vacant post of Principal- 01 Post (General) on the Pay Matrix 7th CPC - Academic Level 14 (144200-218200) on regular basis in Aggarwal College, Ballabgarh, run by Aggarwal Vidya Pracharni Sabha (Regd.), Ballabgarh.

**Eligibility:-** 1. Ph.D. Degree
2. Professor/Associate Professor with a total service/Experience of at least fifteen years of teaching/ research in Universities, Colleges, and other institutions of higher education.
3. A minimum of 10 research publication in peer-reviewed or UGC listed Journals
4. A minimum of 110 research Score as per Appendix II Table 2

The application form can be obtained from the College office situated at Milk Plant Road, Sector -2, Ballabgarh, District Faridabad on payment of Rs. 500/- for General Category (Rs.125/- for SC/BC of Haryana) or can be downloaded from the college website. The cost of application in case of downloaded form shall be paid by means of DD in favour of 'Principal, Aggarwal College Ballabgarh or through RTGS/NEFT in the designated bank mentioned in the application form. The duly filled form along with Self-attested photocopies of certificates/documents/testimonials should reach in the o/o President, Aggarwal College Ballabgarh, Milk Plant Road, Sector-2, Ballabgarh, District Faridabad, Haryana -121004 with a copy to The Dean, College Development Council, M.D. University, Rohtak within 21 days of the date of Advertisement i.e. latest by 08.08.2025.

Eligibility conditions, age relaxation, reservation, qualification, pay scale, and selection criteria will be as per latest norms and guidelines of UGC/ MDU Rohtak/State Govt. and Director General Higher Education, Haryana, Panchkula Notification dated. 11.11.2022, 12.12.2022 and 18.04.2023

**Note:** 1. No Objection Certificate from the present employer must be attached.
2. API Score Proforma, duly filled in, must be submitted with the application form.
3. Incomplete applications, late submissions, or those delayed by post will not be considered.

**Devender Kumar Gupta, President,**
**Governing Body Aggarwal College Ballabgarh**

### दिल्ली नगर निगम ने बदला स्वच्छता गीत

**नई दिल्ली।** इस स्वच्छता गीत 'दिल्ली नगर निगम की है ये पुकार, साफ आंगन से प्यारा ना कोई उपहार' का लोकार्पण केवल एक गीत का अनावरण नहीं है, यह दिल्ली के लोगों के संकल्प, भागीदारी और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह गीत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, लोगों को प्रेरित करने और इस जन आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कवि पद्मजीत सहरावत द्वारा रचित स्वच्छता गीत लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि हमारे पास नगर निगम के सफाई कर्मियों की ताकत है, जो दिल्ली को स्वच्छ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए दिन-रात अथक परिश्रम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सहयोग से, हम दिल्ली की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे। महापौर सरदार सिंह ने मन की बात करते हुए कहा कि यह गीत हमारी आवाज बनेगा - मोहल्लों, स्कूलों, बाज़ारों और दिल्ली के हर कोने में - और हर नागरिक को यह स्पष्ट संदेश देगा कि 'स्वच्छ दिल्ली, स्वस्थ दिल्ली' सिर्फ़ एक सपना नहीं, बल्कि हमारी साझा ज़िम्मेदारी है।

# अदालतों में अनावश्यक मुकदमों को कम करने के लिए गठित किया जाए पैनल : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री ने विधि, न्याय और विधायी कार्य विभाग के साथ की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को विधि, न्याय एवं विधायी कार्य विभाग के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सरकारी मुकदमों को सुव्यवस्थित करने और न्यायपालिका पर अनावश्यक बोझ कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों और क्षेत्रीय विशेषज्ञों का एक पैनल गठित किया जाए जो लंबित मामलों की प्रकृति की समीक्षा कर यह सुझाव दे कि कौन-कौन से मुकदमे गैर-आवश्यक हैं और उन्हें किस प्रकार कम किया जा सकता है। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा व वरिष्ठ अधिकारी तथा विधि विशेषज्ञ उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वर्तमान में राजधानी में 11 न्यायिक जिले कार्यरत हैं, जो राजस्व जिलों के अनुरूप हैं और ये सात प्रमुख न्यायालय परिसरों में संचालित हो रहे हैं। बैठक के दौरान न्यायिक अधिकारियों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले कमी और कार्यालयों की सीमित स्थान की समस्या पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि शास्त्री पार्क, कड़कड़डूमा और रोहिणी में तीन नए न्यायालय परिसर निर्माणाधीन हैं और इनके पूर्ण होते ही इस कमी को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित एजेंसियों को इन परियोजनाओं को समयबद्ध और शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि कानूनी दृष्टि से भी सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# हम नहीं टूटने देंगे गरीबों का घर: आतिशी

- नेता विपक्ष आतिशी ने सराय रोहिल्ला स्थित चूना भट्टी जेजे क्लस्टर में रहने वाले झुग्गीवासियों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने शुक्रवार को करोलबाग विधानसभा के सराय रोहिल्ला स्थित चूना भट्टी जेजे क्लस्टर में रहने वाले झुग्गीवासियों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनका घर नहीं टूटने देंगे। दरअसल इन झुग्गियों को तोड़ने का नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इसके चलते यहां के लोग को अपना घर टूटने का डर सता रहा है। आतिशी ने झुग्गीवालों को भरोसा दिया कि आम आदमी पार्टी गरीबों की झुग्गियां बचाने की लड़ाई में उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मद्रासी कैंप, भूमिहीन कैम्प, जेलरवाला बाग, वज़ीरपुर के बाद अब सराय रोहिल्ला के चूना भट्टी जेजे क्लस्टर को उजाड़ने की तैयारी कर ली है। भाजपा की गरीब विरोधी नीति के खिलाफ 'आप' सड़क से लेकर कोर्ट तक लड़ाई लड़ेगी। हम गरीबों का घर नहीं टूटने देंगे। आतिशी ने कहा कि गरीबों के घरों को बचाने के लिए कोर्ट में भी लड़ाई लड़ी जाएगी। अगर भाजपा वाले बुलडोजर लेकर आए तो उसके आगे सबसे पहले मैं दिखूंगी।

### प्रधानमंत्री संग्रहालय में दिखती है भारत के गौरवशाली नेतृत्व की झलक: कपिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय न केवल हमारे देश के इतिहास को जीवंत करता है बल्कि यह युवाओं को प्रेरणा देने का भी एक माध्यम है। यहां भारत के गौरवशाली नेतृत्व की झलक देखने को मिलती है। इसे हर भारतीय को देखना चाहिए। यह बातें शुक्रवार को दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने तीन मूर्ति मार्ग स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण करने के दौरान कही। इस अवसर पर उनके साथ प्रसिद्ध गायक एवं संगीत निर्देशक हिमेश रेशमिया भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने संग्रहालय की विभिन्न तकनीकी विशेषताओं और गैलरियों का गहन अवलोकन किया। प्रधानमंत्री संग्रहालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों को समर्पित 14 अत्याधुनिक गैलरियां हैं, जो भारत के राजनैतिक इतिहास को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं। संग्रहालय की विशेषताओं में 6डी हेलिकॉप्टर राइड, इंटरैक्टिव जोन, वर्चुअल फोटो सेशन, हैंडराइटिंग रोबोट, टाइम मशीन, 3डी नेशनल एम्बलम और काइनेटिक एलईडी लाइट्स से युक्त राष्ट्रीय ध्वज जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। मंत्री मिश्रा ने अपने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार सुनिश्चित करेगी कि कर्तव्य पथ, भारत मंडपम, प्रधानमंत्री संग्रहालय, डॉ. अम्बेडकर स्मारक जैसे आधुनिक भारत की पहचान वाले पर्यटक स्थलों पर देशभर से लोग आएं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में शुक्रवार का मशहूर गायक हिमेश रेशमिया के साथ दिल्ली के प्रमुख टूरिज्म स्मारक प्रधानमंत्री संग्रहालय में जाना हुआ।




### डॉ. पंकज ने किया औचक निरीक्षण

# राव तुलाराम अस्पताल में अनियमितता देख स्वास्थ्य मंत्री ने एमएस को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली के जाफरपुर कलां स्थित राव तुलाराम मेमोरियल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं देखकर चिकित्सा अधीक्षक और अस्पताल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि अस्पताल में जो भी अव्यवस्था है उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ओपीडी, ओटी और अस्पताल के कैजुअल्टी वार्ड के निरीक्षण के दौरान जब मंत्री को ऑक्सीमीटर समेत कई मेडिकल उपकरणों की जांच की। तब एक ऑक्सीमीटर के काम नहीं करने को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को तुरंत सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मरीजों की देखभाल और उपचार में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मंत्री ने अस्पताल में तुरंत अतिरिक्त ऑक्सीमीटर लगाने के भी निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर नजफगढ़ की विधायक नीलम कृष्ण पहलवान भी उपस्थित रहीं। औचक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने अस्पताल परिसर में रोगी कल्याण समिति कार्यालय व एक्टिविटी केंद्र का भी उद्घाटन किया। जिसे खासतौर पर नजफगढ़ इलाके के स्थानीय नागरिकों की जन समस्याओं को सुनने के लिए बनाया गया है।

**खबर संक्षेप**

### अलग-अलग मामलों में दो महिला तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस व डीएलएफ की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर 5.104 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने रधुबीर नगर कालोनी दिल्ली को 4.700 किलो ग्राम गांजा के साथ राजीव कॉलोनी रोमा देवी सेक्टर 56 फरीदाबाद को कलंदर कॉलोनी फरीदाबाद के पास से 404 ग्राम गांजा सहित काबू किया है।

### ऑटो चालक को पीटने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** 20 रुपए के लिए ऑटो चालक को पीटने वाला ऑटो यूनियन के प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी बस अड्डा बल्लभगढ़ में रामबक्श निवासी जीवन नगर पार्ट-2, फरीदाबाद ने अपनी दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह ऑटो लेकर बल्लभगढ़ से गौच्छी जा रहा था सोहना टी-प्वाईट, बल्लभगढ़ के पास पहुंचा तो ऑटो यूनियन का प्रधान गोपाल ऑटो के सामने आ गया और उसे रूकवा लिया उससे इंट्री के नाम पर 20 रुपए मांगे।

### 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** जुआ खेलने वाले 5 आरोपियों को पुलिस चौकी सेक्टर-16 की टीम ने किया काबू कर मौके से 31500 रुपए बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 जुलाई को पुलिस चौकी सेक्टर 16 की टीम गस्त पर थी। गुप्त सुत्रों से गांव दौलताबाद में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। प्रदीप वासी गांव मेवला महाराजपुर, नेकपाल निवासी बसेलवा कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद, विकास वासी बसेलवा कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद व कपिल वासी गढ़ी मोहल्ला ओल्ड फरीदाबाद को गांव दौलताबाद फरीदाबाद से काबू किया है।

## नगर निगम के कर्मचारी कर रहे मनमानी

# संपत्तिकर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव निरस्त होने के बाद भी बिल जारी होने से नाराज पार्षद निगम मुख्यालय में धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम सदन की बैठक में संपत्तिकर बढ़ोतरी का प्रस्ताव को निरस्त होने के बाद भी बिल जारी किये जाने के खिलाफ पार्षदों ने शुक्रवार को नगर निगम परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। खास बात यह है कि धरने में सत्ताधारी दल भाजपा के पार्षद भी शामिल है। पार्षदों का कहना है कि सदन बैठक में संपत्ति कर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया था। लेकिन नगर निगम की ओर से उपभोक्ताओं को बढ़े हुए संपत्ति कर के बिल भेजे जा रहे हैं। बहुत ही भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

**खास बातें**

- उपभोक्ताओं को बढ़े हुए संपत्तिकर के बिल भेजे जा रहे
- पार्षद मुश्किल में जनता को जवाब नहीं दे पा रहे
- आयुक्त ने धरना स्थल पर पहुंचकर पार्षदों को समझाने का प्रयास किया



### आयुक्त ने पार्षदों को दिया अश्वासन

हालांकि नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने धरना स्थल पर पहुंचकर पार्षदों को समझाने का प्रयास किया। पार्षद पति मनोज गोयल ने कहा कि पार्षदों की अजीब स्थिति हो गई है। वार्ड में जनता सवाल पूछती है। हम जवाब नहीं दे पाते हैं। महापौर कह रही है कि बिल जमा नहीं करो लेकिन कब तक यह स्थिति बनी रहेगी। महापौर ने भी निगम के अधिकारियों को बढ़े हुए संपत्तिकर का बिल जारी करने से मना किया था। उसके बाद भी नगर निगम के कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। भाजपा पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि बढ़े हुए संपत्तिकर को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बढ़े हुए संपत्तिकर को जबतक कम नहीं किया जाता है। तब तक बिल जमा होने नहीं दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि उनकी बातों को सुन लिया गया है और जल्द ही इस बारे में नगर निगम का पक्ष रखा जाएगा।

## नगर निगम के अधिकारियों और पार्षदों के साथ की समीक्षा बैठक

# शहरवासियों को जलभराव से न हो कोई परेशानी सीवर लाइन के काम तुरंत करें: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**विधायक ने कहा- बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी**

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को नगर निगम अधिकारियों और बल्लभगढ़ के पार्षदों के साथ बैठकर विकास कार्यों की समीक्षा की। यह बैठक विधायक कार्यालय सेक्टर 8 पर की गई । विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को विधानसभा के अंदर नए-नए कार्यों के बारे में भी अवगत कराया और नए कार्यों के स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम के कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार, एसडीओ अमित चौधरी के साथ-साथ सभी जेई मौजूद रहे। बैठक में प्रत्येक वार्ड के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मुजेसर गांव में बड़ा सामुदायिक भवन बनवाने के लिए फाइल तैयार करें उसके अलावा सेक्टर 22-23 में पीने के पानी की मात्रा बढ़ाई जाए।

बैठक में उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने देंगे, उन्होंने कहा मुजेसर गांव के बाबा हृदयराम मंदिर कुण्ड सहित अन्य कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। इसके अलावा विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की पार्षद रवि भगत द्वारा जनता कॉलोनी की नई सीवर लाइन की मांग पर तुरंत प्रभाव से कार्य किया जाए और इस कार्य को करने के लिए फाइल तैयार की जाए ताकि सरकार से मंजूरी के बाद यह कार्य शुरू किया जा सके।

विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बल्लभगढ़ में स्मार्ट लाइब्रेरी बनाने के लिए जगह सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा चावला कॉलोनी से लेकर सेक्टर 3 तक नई सीवर लाइन का भी एस्टीमेट तैयार किया जाए।

बैठक में टिपरचंद शर्मा, पारस जैन, पार्षद योगेश शर्मा, पार्षद रवि भगत, पार्षद महेश गोयल, पार्षद सोनू वैष्णव, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, स्वराज



भाटी, नवीन चेची मौजूद रहे।

विधायक मूलचंद शर्मा को शुक्रवार बल्लबगढ़ चावला कॉलोनी में 60 फुट रोड से प्रेम खट्टर प्रधान वाली गली से पानी की समस्या की निकासी में अड़चन बने बिजली के खाली खड़े हुए खंबे के विषय में जानकारी मिली तो वे स्वयं मौके पर पहुंचे और निगम के अधिकारियों को बुलाकर बिजली के खंबे को जेसीबी की मदद से हटवाया, उन्होंने बताया कि इस पिलर को इसलिए हटवाया गया है कि यह पिलर सीवर लाइन के ऊपर था और लाइन डैमेज हो गई थी, उसके कारण सीवर लाइन की सफाई नहीं हो पाई थी। उन्होंने जानकारी दी कि यह पुराना बिजली का खंबा था जिसे विभाग ने नया पिलर लगाने के बाद भी नहीं हटाया था। पानी निकासी के लिए अब इस लाइन को ठीक किया जाएगा चावला कॉलोनी में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

विधायक पं. मूलचंद शर्मा को अधिकारियों और जेसीबी के साथ मौके पर खड़ा देख चावला कॉलोनी के निवासी भी वहां पहुंच गए और विधायक पं. मूलचंद शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## ई-व्हीकल के गोदाम में लगी भीषण आग, दो अन्य भी चपेट में

**गुरुग्राम।** उद्योग विहार क्षेत्र में ई व्हीकल गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। जिसमें यहां खड़ी दर्जनों ई रिक्शा व ई स्कूटर सहित स्पेयर पाट्र्स जलकर राख हो गए। आग इतनी भयंकर थी कि आसपास के अन्य गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल की 7 गाड़ियो को मौके पर बुलाया गया। जिन्होंने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में 70 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। उद्योग विहार में मारुति ट्राला पार्किंग के पास स्थित आरएनजी के नाम से ई व्हीकल का गोदाम बना हुआ है। यहां स्पेयर पाट्र्स रखे होने के साथ-साथ नए ई वाहनों का निर्माण भी किया जाता है। रात को यहां करीब 100 ई स्कूटर और 50 से ज्यादा ई रिक्शा तैयार खड़े थे। इसके अलावा यहां सैकड़ों वाहनों के निर्माण के लिए स्पेयर पाट्र्स भी पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि देररात अचानक इसमें शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दमकल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें देर रात करीब एक बजे उद्योग विहार क्षेत्र में स्थित एक ई- व्हीकल के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। यहां आग अधिक होने के कारण अन्य दमकल केंद्रों को भी सूचित कर दिया गया और दमकल की गाडियों को मौके पर बुलाया गया। वहीं, ई व्हीकल गोदाम को नियंत्रित करने पहुंची

**10 हजार से ज्यादा स्कूलों को दिया फार्म-6 में सुधार का मौका**

# शिक्षा विभाग ने माना की प्राइवेट स्कूलों ने फार्म-6 में अंडर हेड फीस छिपाई

हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने कहा कि जब गलती पकड़ में आ गई तो दोषी स्कूलों पर कार्रवाई करने की जगह फिर क्यों दिया जा रहा है उनको सुधार का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के प्राइवेट स्कूलों ने फार्म-6 में चालाकी करते हुए अंडर हेड फीस वाले कॉलम में जान बूझकर जीरो भर दिया है, ताकि यह दिखाया जा सके कि वे इस तरह की कोई फीस लेते ही नहीं हैं। यह चालाकी उनके द्वारा जमा कराए गए फॉर्म 6 के ब्यौरे की शिक्षा निदेशक पंचकूला द्वारा जांच करने में पकड़ में आई है। अब शिक्षा विभाग ने पत्र भेजकर ऐसे 10 हजार से ज्यादा स्कूलों को अपनी गलती सुधारने का एक मौका दिया है उनसे 31 जुलाई तक अपनी अंडर हेड फीस की सही जानकारी देने को कहा है।

हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि शिक्षा नियमावली के नियम के तहत सभी प्राइवेट स्कूलों को एक फरवरी तक फार्म 6 को उसके सभी कॉलमों में मांगी गई जानकारी को सही भरकर शिक्षा निदेशक के पास जमा कराना अनिवार्य किया गया है लेकिन शिक्षा निदेशक ने इस नियम का उल्लंघन करते हुए स्कूल संचालकों को 31 जून तक फार्म 6 जमा करने के आदेश जारी किए। अब फॉर्म 6 की जांच पड़ताल करने पर फार्म 6 में अंडर हेड फीस छिपाने की चालाकी पकड़ में आ जाने के बाद दोषी स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की जगह उनको 31 जुलाई तक अपनी अंडर हेड फीस की सही जानकारी देने को कहा है। मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि नियमानुसार प्रत्येक मान्यता प्राप्त स्कूल को अपने नोटिस बोर्ड या वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से फार्म-6 की जानकारी प्रदर्शित करनी चाहिए लेकिन वे करते नहीं हैं। स्कूल संचालक फॉर्म 6 में और भी बहुत सी जानकारी छिपाते हैं जैसे कि स्टाफ को कम वेतन देना जब कि फॉर्म 6 में अधिक वेतन दिखाना इसके अलावा छात्रों से ट्यूशन फीस के अलावा अन्य दर्जनों फंडों में फीस वसूलना लेकिन उनको फॉर्म 6 में नहीं दिखाना।

आमदनी व खर्चा बराबर दिखाने के लिए ऑडिट बैलेंस शीट में गैर कानूनी मदों में फालतू खर्चा दिखा देते हैं। पिछले 5-6 सालों से स्कूल संचालकों और शिक्षा विभाग की आपसी सांठ-गांठ से यह खेला हो रहा है। मंच ने कई बार सबूत के साथ इस सांठ-गांठ की जानकारी मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री को देकर दोषी स्कूल संचालकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है लेकिन स्कूल संचालकों की सशक्त लॉबी के दबाब में आजतक दोषियों के खिलाफ कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की गई है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी का निधन राजनीतिज्ञों ने जताया शोक

# लगनशील, कार्यशील व्यक्तित्व के धनी थे राजपाल त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश में कई बार मंत्री रहे राजपाल त्यागी का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 78वर्ष की आयु में यशोदा अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर के बाद गाजियाबाद में शोक छा गया है। उनके संबंधी व चाहने वाले अस्पताल पहुंच गए हैं।

उनके पुत्र अजित पाल त्यागी मुरादनगर के विधायक हैं। राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। राजपाल त्यागी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे। राजपाल त्यागी की गिनती एक मजबूत राजनीतिज्ञ के रूप में होती थी। वह कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा राजपाल त्यागी 8 साल तक गाजियाबाद में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रहे। छह बार विधायक, तीन बार कैबिनेट मंत्री रहे। दो बार निर्दलीय, दो बार कांग्रेस, एक बार सपा, एक बसपा से जीते। वह कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी में रहे। फिलहाल वह बीमार चल रहे थे। दिवंगत त्यागी का पार्थिव शरीर 1:00 बजे सी 29 लोहिया नगर लाया गया। अपराह्न हिंडन घाट मोक्ष स्थली पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर राजपाल त्यागी के निधन पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक सम्वेदनाएं प्रेषित की है। पूर्व सांसद व जनता दल के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने अपनी शोक सम्वेदनाओं में उन्हें सच्चा जनसेवक बताया। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन मे राजपाल त्यागी आम जनता से जुड़े रहे। राजपाल त्यागी लगनशील व कार्यशील व्यक्तित्व के धनी थे। पूरा पश्चिम उत्तर प्रदेश उनके निधन से शोकाकुल है। उनका निधन राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय नुकसान है। पूर्व मंत्री बालेश्वर ने भी राजपाल त्यागी के निधन पर दुख व्यक्त किया। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी त्यागी को अंतिम विदाई दी। भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने राजपाल त्यागी को सच्चा जनसेवक बताया।

# गुरुग्राम में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-46 के एचएसवी ग्लोबल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर गुरुग्राम पुलिस कमिशनरी में हड़कंप मच गया। स्कूल को ईमेल के जरिए देर रात करीब साढ़े 12 बजे यह धमकी भेजी गई।

**ईमेल के जरिए दिल्ली एनसीआर के 25 स्कूलों को बम से उड़ाने की दी धमकी**

इसमें विस्फोटक को अलग-अलग क्लासरूम में काली पॉलीथीन में छिपाए जाने की धमकी दी गई। यहीं नहीं धमकी भरे ईमेल दिल्ली एनसीआर के करीब 25 स्कूलों को भेजे गए हैं। सूचना मिलते ही सेक्टर-50 थाना पुलिस सहित बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

हालांकि इस सर्च ऑपरेशन के दौरान पूरा स्कूल एक साथ तो खाली नहीं कराया गया, लेकिन एक-एक कर क्लासरूम को खाली कराया गया और जांच की गई। करीब दो घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ नहीं मिला तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। देर रात करीब साढ़े 12 बजे सुसाइड बाई शॉटगन के नाम से स्कूल में एक ईमेल आई। इस ईमेल का टाइटल स्कूल में बम दिया गया। मेल भेजने वाले ने यह बताया कि उसने क्लासरूम में कई विस्फोटक डिवाइस लगाए हैं।

**अवैध पार्सल का डर दिखा 25 लाख रुपए की ठगी**

# साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने अवैध पार्सल का डर दिखा कर ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना साइबर सैंट्रल में सेक्टर-80, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 29 नवंबर 2024 को उसके पास एक कॉल आया, जिसमें ठग ने खुद को कथित कस्टम अधिकारी बताया और शिकायतकर्ता को कहा कि उसके नाम से एक पार्सल मलेशिया जा रहा है,जिसमे 16 फर्जी पासपोर्ट, 140 ग्राम एमडीएमए तथा 58 सिम कार्ड है। जिस पर शिकायतकर्ता ने ऐसा कोई पार्सल नहीं भेजने की बात कही गई। जिसके बाद ठग ने उसकी बात एक कथित सीबीआई अधिकारी, मुंबई से करवाई। जिसने वैरिफिकेशन के लिए शिकायतकर्ता का आधार कार्ड नंबर व फोटो लिया और पार्सल उसी का होने की बात कही और कहा कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रखा अगर वह इस मामले को यही खत्म करना चाहता है तो वो अपने उच्च अधिकारी से बात करवा सकते है। ठगों ने व्हाट्सएप विडियों कॉल के जरिये उसकी बात कथित उच्च अधिकारी से करवाई। जिसने उसे गिरफ्तारी का डर दिया तथा मामले को खत्म करने के लिए 25 लाख 40 हजार रुपए की मांग की। गिरफ्तारी के डर से शिकायतकर्ता ने ठगों के द्वारा बताए गए खाता में पैसे ट्रांसफर कर दिए।



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए **ई–निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 82245058B | ऑर्थो ओटी टेबल (स्पाइन एक्सटेंशन के साथ हेड रेस्ट सिस्टम के साथ ट्रैक्शन सेट के साथ) | 1 No | 08.08.25 |
| 82255015B | जोड़ प्रतिस्थापन के लिए रोबोट | 1 No | 08.08.25 |

निविदा शर्ते **1.** विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 17.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2181/2025

# मिलिट्री कॉलेज महू और अमृता विश्व विद्यापीठम के बीच हुआ समझौता

# आपसी सहयोग स्थापित कर तकनीकी नवाचार को देंगे बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**दोनों संस्थान मिलकर विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप कार्य करेंगे**

भारत की डिजिटल रक्षा संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) महू और अमृता विश्व विद्यापीठम के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अमृता विश्वविद्यालय साइबर सुरक्षा और इससे जुड़े क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है।

यह समझौता ज्ञापन त्रि-सेनाओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण, उन्नत अनुसंधान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणनीतिक सहयोग को स्थापित करता है। इस साझेदारी के तहत अमृता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और अनुसंधान क्षमताओं का समन्वय, (एमसीटीई) की तकनीकी और परिचालन विशेषज्ञता के साथ किया जाएगा, ताकि विकसित समाधान नवोन्मेषी होने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर परखे हुए और मिशन तैयार हों।

भारतीय सेना का प्रमुख संस्थान होने के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी/6जी साइबर सुरक्षा, सैटेलाइट कम्युनिकेशन, काउंटर-यूएएस आदि में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में नामित (एमसीटीई) रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। यह समझौता सेना के परिवर्तन का वर्ष दृष्टिकोण और विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों संस्थान मिलकर निम्नलिखित कार्य करेंगे। सैन्य उपयोग से जुड़े वास्तविक समय की समस्याओं को पहचान कर समाधान विकसित करना। संयुक्त प्रशिक्षण मॉड्यूल, कैप्सूल कोर्स और प्रमाणन कार्यक्रम तैयार करना। फैकल्टी और छात्रों के लिए विनिमय कार्यक्रम शुरू



करना। उभरती प्रौद्योगिकियों में मिशन महत्वपूर्ण और भविष्य के लिए तैयार अनुसंधान करना।

मेजर जनरल गौतम महाजन, सेना पदक, उप कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, एमसीटीई ने कहा कि यह समझौता केवल एक औपचारिक दस्तावेज नहीं है बल्कि यह दो संस्थानों के विचारों और उद्देश्यों का संगम है। अमृता के अनुसंधान वातावरण और एमसीटीई की युद्ध परखी विशेषज्ञता का मेल, हमारी सेनाओं के लिए लचीले, समय संवेदनशील और स्केलेबल समाधानों के विकास का आधार बनेगा। यह भारत के रक्षा क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डॉ. पी. अजित कुमार रजिस्ट्रार अमृता विश्व विद्यापीठम ने समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि यह साझेदारी अमृता की राष्ट्र सेवा और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया।

प्रोफेसर सेतुमाधवन निदेशक साइबर सुरक्षा, अमृता विश्व विद्यापीठम ने कहा कि एमसीटीई के साथ मिलकर हम अपने शोध को प्रभावशाली रक्षा समाधानों में बदल सकते हैं और भारत को वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की दिशा में अग्रसर कर सकते हैं। यह साझेदारी सैन्य और शैक्षणिक संस्थानों के बीच तालमेल का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो नवाचार को बढ़ावा देती है और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, परिचालन आवश्यकताओं और तकनीकी आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों के अनुरूप है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय** पुत्र **राजेन्द्र** निवासी **गांव गढ़ी, थाना मुरथल जिला सोनीपत, हरियाणा** ने case **FIR No. 58/2025 U/s 33/38/58 Delh Ex. Act, थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 58/2025 U/s 33/38/58 Delh Ex. Act, थाना मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **02.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंशुल सिंघल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–पश्चिम**
**कमरा नं. 268,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9516/WD/2025(Court Matter)**

# यूपी के 25% कॉलेजों को मिलेगी नैक मान्यता, योगी सरकार ने उठाया कदम

यूपी सरकार ने 2025-26 तक प्रदेश के 25% कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद से मान्यता दिलाने का लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में 1000 कॉलेजों का चयन पहले ही किया जा चुका है और अब तक 6 विश्वविद्यालयों को ए++ रैंकिंग भी मिल चुकी है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को के लिए योगी सरकार ने इस वर्ष एक बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। 2025-26 तक प्रदेश के 25 प्रतिशत कॉलेजों को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद से मान्यता दिलाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। यह प्रयास राज्य के उच्च शिक्षा विभाग एवं उत्तर प्रदेश स्टेट लेवल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सक्रिय प्रयासों का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग में सुधार के लिए की गई पहल के तहत नैक मूल्यांकन हेतु पहले ही 1000 कॉलेजों का चयन किया जा चुका है। यही नहीं, अब तक राज्य के 6 विश्वविद्यालयों ने नैक में ए++ रैंकिंग भी हासिल की है। इसी क्रम में अब 25 प्रतिशत कॉलेजों को नैक मान्यता दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




पहले ही 1000 कॉलेजों का चयन किया जा चुका

## बाइनरी प्रणाली से आसान हुआ मूल्यांकन

राज्य सरकार ने नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए बाइनरी प्रणाली की शुरुआत की है। यह प्रणाली कॉलेजों के लिए सरल, पारदर्शी और परिणामोन्मुख मूल्यांकन सुनिश्चित करती है, जिससे कॉलेजों को समय पर अपनी स्वीकृति और ग्रेडिंग प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सरकार अब सभी पात्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए समय पर नैक मूल्यांकन को अनिवार्य और जवाबदेही आधारित बनाने जा रही है। इसके लिए एक नई नीति तैयार की जा रही है, जिसमें संस्थानों को तय समयसीमा में मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

### योगी सरकार का उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और जवाबदेही पर जोर

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल राज्य के शैक्षणिक संस्थानों की वैश्विक स्तर पर साख बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, योग्य शिक्षक और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त संस्थान मिलेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई यह श्रृंखलाबद्ध पहलें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, जवाबदेही और तकनीकी समावेशन को लेकर एक नई मिसाल पेश कर रही हैं। इससे न केवल कॉलेजों की रैंकिंग बेहतर होगी, बल्कि छात्रों का भविष्य भी मजबूत होगा।

## खबर संक्षेप

### क्लासरूम में अचानक बेहोश हो गई छात्रा, मौत

**बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के एक स्कूल की 11वीं की छात्रा शुक्रवार को अचानक क्लासरूम में बेहोश हो गई। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रास्ते में ही किशोरी ने दम तोड़ दिया था। अब इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या छात्रा को दिल का दौरा पड़ा था या किसी अन्य कारण से उसकी मौत हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा।



### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू

**लखनऊ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार से 22 जुलाई तक ग्राम पंचायतों की जनसंख्या का आकलन होगा। छह से दस अगस्त के बीच अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। इस दौरान होने वाली प्रक्रिया की समयसारणी जारी की गई है। सीमा विस्तार के कारण प्रभावित विकास खंडों में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।




### महिला अधिवक्ताओं में जमकर हुई मारपीट

**मथुरा।** मथुरा कलेक्ट्रेट परिसर में दो महिला वकीलों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट इतनी गंभीर थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गए। दोनों महिला वकीलों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे चलाए और चोटी पकड़ कर मारपीट करने लगीं।



वाराणसी में सीएम योगी का बड़ा बयान, कहा

# फर्जी अकाउंट के जरिए यूपी में रची जा रही जातीय संघर्ष की साजिश

यूपी के सीएम ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट के जरिए जातीय संघर्ष की साजिश रच रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष भड़काने की साजिश रच रहे हैं। सीएम योगी ने कांवड़ यात्रियों को उपद्रवी और आतंकवादी कहने की मानसिकता की कड़ी निंदा की और इसे भारत की विरासत व आस्था को अपमानित करने की कोशिश करार दिया।

उन्होंने कहा कि आज कांवड़ यात्री, भक्ति-भावना से चलते हैं, 200, 300, 400 किलोमीटर कांवड़ को कंधे पर लेकर चले जाते हैं, हर हर बम बोलते हुए, लेकिन उनका भी मीडिया ट्रायल होता है, उन्हें उपद्रवी आतंकवादी तक बोला जाता है। ये वो मानसिकता है, जो हर प्रकार से भारत की विरासत और आस्था को अपमानित करने का काम करते हैं। यही लोग सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर जातीय संघर्ष फैलाने का काम करते हैं।

**खास बातें**

- कांवड़ यात्रियों का भी होता है मीडिया ट्रायल
- एक व्यक्ति भगवा गमछा ओढ़े था, बीच में उसके मुंह से निकला या अल्लाह

### साजिशों को बेनकाब करना व समाज में एकता बनाए रखना जरूरी



सीएम योगी ने मुहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस में उत्पात की कोशिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ₹सावन का महीना चल रहा है, इससे पहले मुहर्रम था। हमने नियम बना दिए थे कि ताजिए की लंबाई सीमित रखें, इससे बिजली और पेड़ की टहनियों को नुकसान पहुंचता था। जौनपुर में एक घटना हुई, ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए, 3 लोग मारे गए, बाद में उपद्रव हुआ। तो मैंने कहा, लाठी मारो इनको, ये लातों के भूत हैं, बातों से नहीं मानेंगे। इसका किसी ने विरोध नहीं किया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि ऐसी साजिशों को बेनकाब करना और समाज में एकता बनाए रखना जरूरी है। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया और सामाजिक सौहार्द को लेकर एक बार फिर चर्चा छेड़ दी है।

**समाज के बीच लोगों को मुख्यधारा से अलग करने की साजिश**

*सीएम योगी ने समाज को मुख्यधारा से अलग करने की साजिशों पर भी प्रकाश डाला। कहा, ₹हमारी चुनौती ऐसी है कि कुछ लोग समाज के बीच लोगों को मुख्यधारा से अलग करने का काम करते हैं।₹ उन्होंने एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए बताया, ₹ दो-तीन साल पहले एक आगजनी की घटना में एक व्यक्ति भगवा गमछा ओढ़े था, बीच में उसके मुंह से निकला 'या अल्लाह'। ऐसे लोगों को चिन्हित करने की आवश्यकता है।*

# मोतिहारी में पीएम के सामने सीएम नीतीश कुमार ने युवाओं को नौकरी और रोजगार देने की दोहराई बात



एजेंसी ▶▶ पटना

मोतिहारी पहंचे पीएम नरेंद्र मोदी की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री बहुत काम करते हैं। वे हर महीने बिहार आते रहते हैं और जब भी आते हैं तो राज्य को कई सौगात देकर जाते हैं। आज भी वे राज्य को 72 करोड़ की सौगात देने वाले हैं। सीएम ने सभा में मौजूद लोगों से खड़े होकर पीएम मोदी का अभिनंदन करने की अपील की।

### विपक्ष पर साधा जोरदार निशाना

भाषण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पहले क्या हाल था, सभी जानते हैं। 2005 से पहले कोई काम नहीं होता था। जब भाजपा और जेडीयू की सरकार बनी, तब से लेकर 20 साल से काम कर रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार की तरफ से लोगों के हित में काम किया जा रहा है। मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके बिहार के लिए किए गए कामों को याद रखना चाहिए।

### अगले 5 सालों में एक करोड़ नौकरी

नीतीश कुमार ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य में काफी काम हो रहा है। राज्य में बड़े पैमाने पर पुल पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर बिजली, हर घर नल का जल तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। सात निश्चय 2 में युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने के लिए काम चल रहा है। 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार के विरुद्ध 29 लाख पूरा किया जा चुका है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। अगले 5 सालों में हम लोग एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का काम करेंगे।

## पेज एक का शेष

### नौसेना की प्रमुख....

सूची में भारत का नाम भी शुमार हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। यहां बता दें कि पूर्व में इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होने वाले थे। लेकिन अंतिम समय में कार्यक्रम में बदलाव की वजह से उनका विशाखापत्तनम दौरा नहीं हो सका।

### द रेजिस्टेंस फ्रंट....

हमले की जिम्मेदारी ली थी'।

**आतंकी ढांचा के खात्मे पर जोर:** मंत्रालय ने कहा कि भारत ने लगातार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए आतंकी ढांचे को नष्ट करने की वकालत की है। टीआरएफ को लेकर अमेरिका का निर्णय दोनों देशों के बीच आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में गहन सहयोग को दर्शाता है। भारत आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता यानी जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर प्रतिबद्ध है और इसे लेकर हम निरंतर आधार पर वैश्विक सहयोगियों के साथ निकटता से काम करेगा। जिससे आतंकी संगठनों और उनके मुखौटा संगठनों को जिम्मेदार ठहराया जा सकेगा।

**चीन ने की पहलगाम हमले की निंदा:** चीन ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए क्षेत्र के देशों को आतंकवाद से मुकाबले के लिए सहयोग को मजबूत बनाना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने 18 जुलाई को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन मजबूती के साथ किसी भी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है। हम 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। पत्रकारों ने लिन से अमेरिका द्वारा टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करने पर सवाल पूछा था। जिसके जवाब में उन्होंने यह जानकारी दी।

### पहलगाम हमले में ...

न्याय के राष्ट्रपति ट्रंप के रुख पर प्रशासन की काम करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। अमेरिका का ये निर्णय अप्रवासन और राष्ट्रीयता कानून की धारा-219 और कार्यकारी आदेश-13224 के तहत लिया गया है। मंत्रालय ने समीक्षा की और एलईटी को विदेशी आतंकी संगठन घोषित करने का दर्जा बरकरार रखा है। ये बदलाव फेडरल रजिस्टर में प्रकाशन के साथ लागू हो जाएंगे।

### कहीं भी छिपे ....

की गई हत्या की घटना भी शामिल है। दो बार टीआरएफ ने इसकी जिम्मेदारी ली थी।

### भारत में इन ....

और प्रवक्ता अहमद खालिद है। पहलगाम से पहले टीआरएफ जम्मू-कश्मीर के केरन, हंदवाड़ा, सोपोर, शोपियां, अनंतनाग और रियासी में आतंकी हमला कर चुका था। आतंकी संगठन ने 9 जून को रियासी में शिव खोड़ी से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमला किया और 9 लोगों की हत्या कर दी, 33 घायल हुए। 20 अक्टूबर को गांदरबल (सोनमर्ग) में प्रवासी निर्माण मजदूरों पर हमला कर 1 डॉक्टर समेत 7 लोगों की हत्या की, 13 सितंबर 2023 में अनंतनाग में सेना-पुलिस पर हमला कर 3 लोगों की हत्या की। 8 जुलाई 2020 को बांदीपुरा में भाजपा नेता और उनके परिवार पर आतंकी हमला किया। जिसमें तीन लोगों को मार दिया। एलईटी से टीआरएफ बनने के पीछे पाक का उद्देश्य एफएटीएफ की जांच, वैश्विक पाबंदियों से बचने, स्थानीय सहानुभूति बटोरने व आतंकवाद को विदेशी साजिश की बजाय जन आंदोलन के रूप में दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश...

सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा उठना था। भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी है। कोर्ट ने पांच दिन के लिए ईडी कस्टडी में भेज दिया। कुछ महीनों पहले केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में 14 स्थानों पर रेड मारी थी। इन जगहों में भूपेश बघेल का भिलाई स्थित आवास भी शामिल है।

**कैसे हुआ शराब घोटाले का खुलासा:** ईडी ने मामले में जब जांच शुरू की तो सामने आया कि छत्तीसगढ़ में शराब की बोतलों पर लगने वाले होलोग्राम का टेंडर कारोबारी विधु गुप्ता की कंपनी ने जीता। हालांकि, यह टेंडर उन्हें अवैध कमीशन से मिला। जब प्रवर्तन निदेशालय ने विधु को गिरफ्तार किया तो उन्होंने मामले में बघेल सरकार की तरफ से सीएसएमसीएल के एमडी बनाए गए अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर महापौर के बड़े भाई शराब कारोबारी अनवर ढेबर और अनिल टुटेजा का नाम लिया। जब ईडी ने इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया, तो मामले में और भी खुलासे हुए।

### शराब घोटाला...

निरोधक ब्यूरो की गहन जांच से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में संचालित घोटाला था। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने तत्क्षण कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

### लोकसभा अध्यक्ष ने...

प्रयोग करते हुए जवाब दिया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी, जिसके तहत भारत की प्रतिक्रिया संतुलित, उकसावे से रहित और केवल आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने तथा खतरों को समाप्त करने पर केंद्रित थी।

### भारत-कोरिया के ....

सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव के सफल आयोजन पर बधाई दी और भारतीय संसद की ओर से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति ली के नेतृत्व में भारत-कोरिया संबंध और अधिक प्रगाढ़ होंगे, विशेष रूप से इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वे पहले कोरिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष रह चुके हैं। कोरियाई राष्ट्रीय विधानसभा में कोरिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के गठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने जानकारी दी कि भारतीय संसद में भी ऐसा ही एक समूह गठित करने पर विचार कि

### परीक्षार्थियों को केंद्र ....

चल रही थी। कांग्रेस ने लंबे समय तक कई गलतियां और भ्रष्टाचार को किया हुआ है जो किसी न किसी दिन तो सामने आने ही थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने शासनकाल में नियमों को ताक पर रखकर गरीब वर्ग को और गरीब और कुछ लोगों को बहुत ज्यादा अमीर बनाने का काम किया, इनमें एक नाम रॉबर्ट वाड्रा भी शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान के संबंध में किए गए सवाल के जवाब में कहा कि भगवंत मान की सरकार के पीछे दूसरी ताकतें काम कर रही हैं जिसके कई कामों का तो मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी पता नहीं होता है।

### महिलाओं को पिछड़ी ...

सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। डॉ. भागवत ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं।

### रक्षामंत्री राजनाथ के ....

सीआर पाटिल समेत कई नेता शामिल हुए।

### 21 जुलाई से 21...

ने बताया संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सोमवार से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। सूत्रों के अनुसार राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक में तय किया गया कि अगर विपक्ष पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार पर आक्रामक रूख अपनाता है तो सत्तापक्ष आरोपों का डटकर जवाब देगा।

ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद सीज फायर के मुद्दे पर विपक्ष खासकर कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी और विदेश नीति को लेकर तमाम आरोप लगाये थे। कई विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की थी। सरकार ने विपक्ष की मांग को अनदेखा करते हुए कहा था कि मानसून सत्र में इस पर चर्चा हो सकती है। लिहाजा अब देखना होगा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल संसद में कितने दमखम से आवाज बुलंद करते हैं।

### संसद में ये ....

क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पारित किए जाने की उम्मीद है।

पीलीभीत पंचायत बोर्ड बैठक में यूरिया की समस्या पर हंगामा

# सबके सामने पीटे गए कृषि अधिकारी, अधिकारियों में रोष



एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

यहां जिला कृषि अधिकारी पीट गए। दरअसल जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में खाद की समस्या को लेकर जिला कृषि अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ उनसे मारपीट की गई। इससे बैठक में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी को सुरक्षित भेजा गया। जिसके बाद बैठक को छोड़कर सभी अधिकारी चले गए। सीडीओ ने कृषि अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डीएम और एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की गई।

जिला पंचायत की अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर की अध्यक्षता में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। अपर मुख्य अधिकारी हरमीक सिंह ने पिछली बैठक की कार्रवाई को पढ़कर सभी को सुनाया। इसके बाद जिला पंचायत सदस्यों ने अध्यक्ष की अनुमति से बारी-बारी से अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को पुरजोर ढंग से उठाया। किसी सदस्य ने जर्जर सड़क का मुद्दा रखा तो किसी ने डॉक्टरों की कमी,जर्जर स्कूल भवन, गन्ना मूल्य भुगतान का मामला रखा। जनसमस्याओं के मुद्दों को उठाया गया। जिला पंचायत सदस्य परमेश्वरी दयाल ने जन प्रतिनिधियों के बैठक में न आने पर रोष जताते हुए निंदा प्रस्ताव रखा। मांग की कि निर्माण कार्यों के पत्थर पर जन प्रतिनिधियों के नाम न लिखे जाए। बैठक में मुद्दे उठाए जा रहे थे।

### मारपीट के बाद सीडीओ समेत सभी अधिकारी बैठक छोड़कर चले गए

इसी दौरान यूरिया खाद की समस्या को उठाया गया, जिस पर जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल उत्तर दे रहे थे। बैठक में उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया। वह उर्वरक के बारे में जवाब दे रहे थे। जिला पंचायत सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार हंगामा किया। कृषि विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। खड़े एक व्यक्ति ने जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल को धक्का देकर मारपीट की, जिससे वह संभल भी नहीं पाए। पास में खड़े अधिकारियों ने बीच-बचाव करके जिला कृषि अधिकारी को सुरक्षित बाहर भिजवाया। मारपीट के बाद सीडीओ समेत सभी अधिकारी बैठक को बीच में छोड़कर चले गए। सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों ने सीडीओ से मिलकर आगे की कार्रवाई के बारे में मंत्रणा की।


**केन्द्रीय विद्यालय, सैक्टर-22, रोहिणी**
कार्यस्थल पॉकेट- डी-16, सैक्टर-03, रोहिणी, दिल्ली-110085

**वर्ष 2025-26 फ़र्मों के पंजीकृत डाक द्वारा निविदा आमंत्रण**

केन्द्रीय विद्यालय सैक्टर 22 रोहिणी दिल्ली में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्य/सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक फ़र्मों द्वारा निविदा पंजीकृत डाक द्वारा मुहरबंद आमंत्रित की जाती है| (अंतिम तिथि 31.07.2025 समय 1:00 अपराह्न)

**निविदा का विषय :** विद्यालय कैंटीन

इच्छुक फर्म अपना आवेदन दिनांक 31.07.2025 तक आवश्यक दस्तावेज़ यथा पैन नंबर, जीएसटी, सर्विस टैक्स इत्यादि की स्वप्रमाणित प्रति निविदा प्रपत्र (Quotation Proforma) के साथ संलग्न कर पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन करें।

लिफाफे के ऊपर "फर्म निविदा हेतु" एवं संबन्धित कार्य का नाम लिखा होना आवश्यक है|

**नोट :-** निविदा प्रपत्र (Quotation Proforma) एवं अन्य जानकारी विद्यालय की वैबसाइट (https://rohinisec22.kvs.ac.in) से डाऊनलोड की जा सकती है|

प्राचार्य

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 निम्नलिखित कार्य हेतु वन पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम और स्थान | DLI डिवीजन पर L-Xing कार्य हेतु 25 केवी सिंगल फेज एसी का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और संशोधन कार्य। 1. DLI-SML-SRE सेक्शन पर L-Xing 28, 29 और 39 2. DLI-MTC-SRE सेक्शन पर L-Xing 42, 45, 50, 52, 70 |
| 2 | कार्य की समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 55,76,347/- |
| 4 | बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है) | ₹ 1,11,500/- |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 11.08.2025 को 15:00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। बोलीदाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 11.08.2025, 15:00 बजे पर खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत निविदा सूचना www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 28.07.2025 से 11.08.2025 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

संख्या: 339/उप.सीईई/सी/एनडीएलएस/2025–26 दिनांक: 18.07.2025 2183/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आलोक बब्बर पुत्र श्री अजय बब्बर, निवासी मकान नंबर डी–2/1, तीसरी मंजिल, राणा प्रताप बाग, दिल्ली ने FIR No. 166/17, U/S 498A/406/34 IPC, अन्तर्गत थाना अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आलोक बब्बर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आलोक बब्बर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 166/17, U/S 498A/406/34 IPC, अन्तर्गत थाना अशोक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आलोक बब्बर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री ऐश्वर्या शर्मा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**(महिला न्यायालय–01, उत्तर–पश्चिम), कमरा नं. 106, प्रथम तल रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**
**DP/9475/NW/2025(Court Matter)**



# बंगाली फिल्म बक्शो बोंडी से होगा मेलबर्न महोत्सव का उद्घाटन

**मुंबई।** अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की बंगाली फिल्म 'बक्शो बोंडी' भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) के 2025 संस्करण की उद्घाटन फिल्म होगी। फिल्म के सह-निर्माता शोम और जिम सरभ हैं। फिल्म का आधिकारिक ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर 14 अगस्त को होगा। फिल्म में तिलोत्तमा शोम ने अदाकारी की है। फिल्म के निर्देशक सौम्यानंद साही हैं। फिल्म की कहानी कोलकाता के एक उपनगर पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक कामकाजी महिला के आसपास घूमती है। अंग्रेजी में 'शैडोबॉक्स' नाम की इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 75वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम ने कहा बक्शो बोंडी मेरे दिल के बेहद करीब है।

## लाइफ Style



# प्रियंका

## अपने दम पर बॉलीवुड में कमाया नाम

उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर बरेली से निकलीं प्रियंका चोपड़ा अब एक इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। मॉडलिंग, फिर मिस वर्ल्ड का खिताब, उसके बाद बॉलीवुड में डेब्यू और फिर इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस और कई अवॉर्ड्स। उसके बाद सीधे टिकट टू हॉलीवुड। किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है प्रियंका चोपड़ा की असल जिंदगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने शुक्रवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में शुरुआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद हुई। प्रियंका ने साल 2003 में आई फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई'से की। इसमें उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा जैसे स्टार भी शामिल थे। इसके बाद इसी साल प्रियंका अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ फिल्म 'अंदाज' में नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और प्रियंका इंडस्ट्री की नजरों में आ गईं। उसके बाद साल 2004 में प्रियंका सलमान खान-अक्षय कुमार के साथ फिल्म मुझसे शादी करोगी जैसी एक और सफल फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस आईं।

इसी साल प्रियंका ऐतराज में निगेटिव रोल में नजर आईं और अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद प्रियंका इंडस्ट्री में पूरी तरह से स्थापित हो गईं। बॉलीवुड में सफलता पाने के बाद और हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बनने के बाद प्रियंका ने रुख किया हॉलीवुड का। साल 2015 में वो पहली बार अमेरिकन टीवी सीरीज क्वांटिको में नजर आईं। इस सीरीज के दो सीजन आए दोनों में प्रियंका नजर आईं और उनके काम की तारीफ भी हुई और उन्हें अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद साल 2017 में वो हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म बेवॉच में नजर आईं।

## हॉलीवुड मसाला




# मोर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स ने मॉर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। यह फिल्म 24 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तीन घंटों के अंदर फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर 80 हजार से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। ट्रेलर में लॉर्ड रैडेन जॉनी केज को मॉर्टल कॉम्बैट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए बुलाते हैं। इसमें किटाना, शाओ खान, लियू कांग, जैक्स और बाराका जैसे किरदार दिखते हैं। यह फिल्म पहले की तुलना में ज्यादा हास्यपूर्ण और रोमांचक है, जो जॉनी केज के मजेदार स्वभाव के कारण और आकर्षक लगती है।



# हूज सॉरी नाउ गाने से हुई कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी संगीत जगत की एक चमकती हुई आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई है। स्टूपिड क्यूपिड, प्रिटी लिटिल बेबी और हूज सॉरी नाउ? जैसे हिट गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली मशहूर गायिका कोनी फ्रांसिस का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। कोनी फ्रांसिस का सिंगिंग कॅरियर 1957 से 1964 तक अपने सुनहरे दौर में था। उस समय जब रॉक एन रोल म्यूजिक का क्रेज तेजी से बढ़ रहा था, तब कोनी ने अपनी मधुर और दिल को छू लेने वाली आवाज से फैंस के दिलों में खास जगह बना ली। वो उस समय की पहली सफल महिला गायिकाओं में से एक थीं, जिनके गाने लगातार टॉप म्यूजिक चार्ट्स में बने रहते थे। उनके कॅरियर की शुरुआत 'हूज सॉरी नाउ?' जैसे सुपरहिट गाने से हुई, जो रातोंरात वायरल हो गया था। इसके बाद 'द हार्ट हेज ए माइंड ऑफ इट्स ओन' और 'डोन्ट ब्रेक द हार्ट डेट लव्स यू' जैसे गानों ने उनकी पहचान को और मजबूत किया। उनकी गायकी की खासियत थी उसमें छुपे इमोशन्स और दर्द, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित करती रही।



# पसंद आई प्यार और जुनून की कहानी

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आशिकी 2 और एक विलेन जैसी यादगार सुपरहिट लव स्टोरी देने वाले मोहित सूरी इस बार एक नई प्रेम कहानी के साथ लौटे हैं। फिल्म में इश्क, जुनून, दर्द और तड़प की कहानी को दिखाया गया है। सैयारा पूरी तरह से एक रोमांटिक-लव स्टोरी है। फिल्म के गाने पहले से ही सुपरहिट हो चुके हैं। सैयारा देखकर लौटे अधिकांश लोग फिल्म से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस फिल्म ने मुझे रुलाया और मुझे प्यार और भरोसे पर फिर से यकीन करना सिखाया है। यह एक शानदार इमोशनल फिल्म है। सिनेमाहॉल से एक वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स फिल्म देखकर काफी भावुक हो गया और रोने लगा।



# देश को बचाने निकली हिम्मत सिंह की सेना

**मुंबई।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और हिम्मत सिंह एक बार फिर देश को बचाने के लिए हाजिर हो गए हैं। केके मेनन स्टारर स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही स्पेशल ऑप्स 2 सुर्खियों में भी आ गया है और सोशल मीडिया पर लोग शो की कहानी से लेकर लोगों के अभिनय तक की तारीफ कर रहे हैं। स्पेशल ऑप्स के इस नए सीजन में एआई के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में दिखाया गया है। कैसे एआई देश के लिए और लोगों के लिए खतरा हो सकता है। इस बार की कहानी देश के टॉप एआई साइंटिस्ट डॉ. पीयूष भार्गव के अपहरण और हिम्मत सिंह की टीम को उन्हें ढूंढने पर आधारित है। डॉ. पीयूष भार्गव ऐसे सीक्रेट्स जानते हैं जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। ऐसे में रॉ की टीम उन्हें ढूंढने में लग जाती है।

## टीवी मसाला



# दयाबेन बनकर दिशा ने हमेशा हंसाया है सबको

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन यानी दिशा वकाणी काफी समय से गायब हैं। फैंस दिशा को दयाबेन के रूप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीच में कई बार ऐसी खबर आई कि दिशा की जगह अब नई दयाबेन आएगी, लेकिन फिर ये खबरें बंद हो जाती हैं। अब शो में सोनू का किरदार निभा चुकीं निधि भानुशाली ने दया बेन को लेकर बात की। निधि से पूछा गया कि क्या वह दिशा को तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में देखना चाहते हैं? इस पर निधि बोलती हैं कि यह फैसला दिशा को ही लेना पड़ेगा और जो भी उनका फैसला हो दर्शकों को उनके फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। निधि ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि हम में से कोई फैसला ले सकता है। यह उनकी लाइफ है, उनकी जर्नी है और सिर्फ उन्हें हक है वह क्या करना चाहती हैं।' निधि ने आगे कहा, 'बतौर दर्शक हम सब चाहते हैं कि दिशा कमबैक करें, लेकिन हमें उनके हर फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में हमेशा हमें हंसाया है।'

## नजर आएगी विवयन और दीपिका की जोड़ी

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का चेहरा रह चुके विवियन डीसेना और दीपिका कक्कड़ के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। बिग बॉस के घर में नजर आ चुके ये एक्टर्स जल्द ही एक नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। विवियन और दीपिका का ये प्रोजेक्ट ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के तहत बनेगा। इस शो से दोनों टीवी एक्टर्स की छोटे



पर्दे पर वापसी होगी। विवियन और दीपिका के इस सीरियल की शूटिंग साल 2026 में शुरू होगी। दीपिका कक्कड़ की बात करें तो आखिरी बार उन्हें सिलेब्रिटी मास्टर शेफ्स में देखा गया था। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया था। कैंसर की वजह से दीपिका कक्कड़ ने टीवी की दुनिया से दूरी बना ली थी। हाल ही में दीपिका की सर्जरी हुई थी। विवयन डीसेना की बात करें तो वो बिग बॉस 18 के घर में नजर आ चुके हैं। विवियन डीसेना कलर्स टीवी के शो मधुबाला, शक्ति और सिर्फ तुम जैसे हिट शोज में भी नजर आ चुके हैं। ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित प्रोडक्शन हाउस में से एक है। विवियन और दीपिका के शो की कहानी या नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# हॉलीवुड नहीं, बॉलीवुड में बनी थी पहली सुपरमैन

**मुंबई।** जब भी हम सुपरहीरो फिल्मों की बात करते हैं, तो सबसे पहले मन में हॉलीवुड की फिल्मों का नाम आता है। जैसे - स्पाइडरमैन, बैटमैन या फिर सुपरमैन। खासकर सुपरमैन, जो 1978 में आई हॉलीवुड फिल्म से पूरी दुनिया में मशहूर हुआ था, जिसमें क्रिस्टोफर रीव ने सुपरमैन वाले किरदार को निभाया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत ने इस फिल्म से भी 18 साल पहले ही सुपरमैन की फिल्म बना दी थी?





### हॉलीवुड से भी पहले भारत ने सुपरमैन फिल्म बना दी थी

भारत ने हॉलीवुड की फिल्म सुपरमैन जो 1978 में आई थी, उससे भी 18 साल पहले ही सुपरमैन पर फिल्म बना दी थी और इससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि उस फिल्म में सुपरमैन बनी थीं एक फीमेल एक्ट्रेस और वो थीं निरूपा रॉय, जिन्हें बाद में मां के रोल के लिए पहचाना जाने लगा। साल 1960 में आई इस फिल्म की कहानी और स्टाइल पूरी तरह से सुपरहीरो बेस्ड थी, जिसमें उड़ने वाले सीन्स, ताकतवर हीरोइन और क्राइम से लड़ाई दिखाई गई। इस फिल्म में सबसे दिलचस्प बात ये थी कि इसमें निरूपा रॉय ने सुपरमैन जैसी भूमिका निभाई थी। उस दौर में एक एक्ट्रेस को इतने दमदार और सुपरमैन जैसे किरदार में दिखाना एक बड़ी बात थी।

### इंडियन 'सुपरमैन' बनने के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

आपने कई फीमेल सुपरहीरो देखे होंगे, जैसे मार्वल की कैप्टन मार्वल, इलेक्ट्रा और ब्लैक विडो। डीसी ने भी कैटवुमन जैसी दमदार फीमेल सुपरहीरो पर फिल्में बनाई हैं। लेकिन, ऐसा दुनिया में पहली और अभी तक आखिरी बार हुआ है कि कोई महिला 'सुपरमैन' बनकर आई थी वो भी 1960 की बॉलीवुड फिल्म में। ऐसा अभी तक नहीं हुआ कि सुपरमैन का किरदार किसी महिला ने निभाया हो। ऐसा करने वाली निरूपा रॉय दुनिया की पहले एक्ट्रेस बन चुकी हैं।

# फिल्म की कहानी पर भारी पड़ा किरीती का डांस




**मुंबई।** राधाकृष्ण रेड्डी के निर्देशन में बनी फिल्म जूनियर 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की तरफ से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी के बेटे किरीती रेड्डी की पहली फिल्म है। इसमें श्रीलीला और जेनेलिया देशमुख अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'जूनियर' में अभि नाम के एक युवक की कहानी है, जो विजय सौजन्या के अधीन काम करता है। उसे जल्द ही जेनेलिया और उसके पिता के अतीत के बारे में कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलती हैं। वह इन बातों की खोज करता है जो उसके पिता के साथ उसके रिश्ते को बदल सकते हैं। फिल्म 'जूनियर' के प्रमोशन के दौरान, किरीती जूनियर एनटीआर के प्रति अपने प्यार का खुलकर इजहार करते रहे हैं। ऐसे में एक यूजर ने कहा है किरीती के डांस मूव्स युवा एनटीआर जितने ही बेहतरीन हैं। यूजर ने एक्स पर लिखा 'डांस मूव्स और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी ऐसा लग रहा है जैसे मैं टाइगर को देख रहा हूं। सच में।' एक एक्स यूजर ने लिखा है 'नए कलाकार के रूप में किरीती एक शोस्टॉपर हैं! उनके डांस की बेजोड़ ऊर्जा ने पर्दे पर चार चांद लगा दिए। जंग वाले दृश्यों में उनकी उपस्थिति अच्छी थी। उनके अभिनय में सहजता बेहद मनमोहक है। इस शानदार शुरुआत के साथ, उनका भविष्य उज्ज्वल है।

## कानन देवी की कहानी है साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण

# भारत की पहली लेडी सुपरस्टार, लेकिन रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आज भारतीय सिनेमा में कई महिलाएं प्रमुख अभिनेताओं के बराबर चमक रही हैं। वे अभिनय के अलावा निर्माता, गायक के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। लेकिन, भारत की आजादी से पहले ही भारतीय सिनेमा की पहली 'लेडी सुपरस्टार' ने यह सब कर दिखाया था। वह हैं बंगाली सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर कानन देवी एक बेहतरीन अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। उनकी मधुर आवाज, भावनात्मक अभिनय और साहसी व्यक्तित्व ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. हालांकि, कनन देवी का शुरुआती जीवन इतना आसान नहीं था।



### जयदेव थी पहली फिल्म

*पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 22 अप्रैल 1916 को जन्मी कानन देवी गरीबी में पली-बढ़ीं। उनके बचपन का अधिकांश समय गरीबी में बीता। उनके पिता की मृत्यु के बाद, वह अपने रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम करने लगीं। 10 साल की उम्र में, एक दोस्त की मदद से उन्हें मूक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। 1926 में रिलीज हुई जयदेव उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें केवल पांच रुपए का वेतन मिला। यही उनके सिनेमा कॅरियर की शुरुआत थी।*

### अभिनय के साथ गाने भी गाए

*बाद में, उन्होंने बोलती फिल्मों में भी काम किया और अपनी पहचान बनाई। जोरभारत (1931), मां (1934), मनमय गर्ल्स स्कूल (1935) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। मुक्ति (1937) और विद्यापति (1937) की सफलता ने उन्हें सुपरस्टार का दर्जा दिलाया। इं में उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि अपनी मधुर आवाज से गाने भी गाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और एक समय ऐसा आया जब उन्हें भीड़ से बचाने के लिए सुरक्षा दी गई।*

### खुद की प्रोडक्शन कंपनी में बनाईं फिल्में

उस समय में ही उन्होंने श्रीमती पिक्चर्स नाम से अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और फिल्में बनाईं। इसी तरह, सव्यसाची कलेक्टिव नामक कंपनी भी शुरू की और बंगाली साहित्य पर आधारित फिल्में बनाईं, जिससे वह भारत की पहली महिला फिल्म निर्माता बनीं।

### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया सम्मानित

उस समय में एक महिला का फिल्म में अभिनय करना और फिल्में बनाना आसान नहीं था। इसलिए, इसे एक क्रांति के रूप में देखा गया। कानन देवी ने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की। तीन दशकों तक सिनेमा में सक्रिय रहीं और लेडी सुपरस्टार के रूप में जानी गईं। 1968 में उन्हें पद्मश्री और 1976 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का किया सामना

सिनेमा में स्टार होने के बावजूद, कानन देवी ने अपनी वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने दो शादियां कीं। पहली शादी ब्रह्म समाज के प्रसिद्ध विद्वान हरंबा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से की। इस शादी का कड़ा विरोध हुआ। एक महिला के रूप में फिल्मों में काम करने के कारण उनकी शादी का विरोध हुआ। हालांकि, पहली शादी पांच साल में ही टूट गई। इसके बाद, कानन देवी ने दूसरी शादी हरेंद्रनाथ चक्रवर्ती से की। उनके एक बेटा हुआ। हालांकि, पहली शादी के संकट से उबरने में कानन देवी को काफी समय लगा। इसी बीच, 1992 में उनका निधन हो गया। लेकिन, गरीबी से उठकर सिनेमा में प्रवेश कर, जो कोई भी महिला नहीं कर पाई, वह सब कर दिखाने वाली कानन देवी की कहानी साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत का ग्वालियर में जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# खंडेलवाल ने कहा, देश को बुलंदी पर ले जाने के लिए सरकार व जनता के बीच सेतु बनें कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के लिए गुरुवार को ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जिस विचारधारा का नेतृत्व करते हुए दुनिया भर में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं, उस विचारधारा का जन्म इसी ग्वालियर की सरजमीं पर हुआ था।

उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सामान्य कार्यकर्ता नहीं हैं। आप खुद को गौरवांन्वित महसूस करें कि आप अटल बिहारी वाजपेयी और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि के कार्यकर्ता हैं। देश को हजारों साल पहले जैसी बुलंदियों पर ले जाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्य कर रहे हैं, इसके लिए आप सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा को और मजबूत करना होगा। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर कार्य करें और हारे हुए बूथों को जीतकर पार्टी को और बुलंदियों तक पहुंचाने में जुट जाएं।



**प्रथम ग्वालियर नगर आगमन पर खंडेलवाल पर की पुष्पवर्षा**

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल के प्रथम ग्वालियर नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा समेत कार्यकर्ताओं और आमजन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बस स्टैंड तिराहा, डीबी मॉल, एनसीसी गेट, स्टेशन चौराहा, राजा मानसिंह चौराहा, होटल तानसेन, सेंट्रल पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ।

### अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक निवास पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शिंदे की छावनी, कमल सिंह का बाग स्थित पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक निवास पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके भतीजे दीपक वाजपेयी एवं भांजे अनूप मिश्रा सहित अन्य परिजनों से सौजन्य मुलाकात की। इसके बाद वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल पहुंचकर पुष्प अर्पित किए।



### विधानसभा अध्यक्ष से मिले भाजपा प्रदेश



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के साथ ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया पौधरोपण



*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जीवाजी विश्वविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा रोपा। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद इस दौरान मंचासीन रहे। कार्यक्रम को महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह एवं जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने भी संबोधित किया।*

## खबर संक्षेप

### गड़बड़ी करने वाले दो मीटर रीडरों को हटाया

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के रायसेन वृत्त में मीटर रीडिंग के दौरान गड़बड़ी करने वाले दो मीटर रीडरों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। इसके साथ ही 14 मीटर रीडरों को कार्य में लापरवाही के चलते नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। रायसेन वृत्त के महाप्रबंधक प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सिलवानी वितरण केंद्र के मुआर पाठ सब स्टेशन के मीटर रीडर दीपक जाटव तथा सेवांस्नी सब स्टेशन के मीटर रीडर अंकित सेन की सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही ऐसे मीटर रीडर, जिनका परफॉर्मेंस लक्ष्य के अनुरूप नहीं पाए जाने पर 14 मीटर रीडरों को आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से नोटिस जारी किए गए हैं।

### स्कूल शिक्षा विभाग के 5 केंद्रीय पुस्तकालय मप्र में

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग मप्र में 5 केन्द्रीय पुस्तकालय और 36 जिलों में जिला पुस्तकालय संचालित कर रहा है। पुस्तकालयों में पाठकों उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध हैं। विभाग द्वारा अनुदान के साथ स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी भोपाल में चली रही है। शासकीय मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय भोपाल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रसिद्ध पुस्तकालय है, जहां न्यूनतम शुल्क पर अधिकतम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### डॉ. यादव ने यूरोप के सबसे विशाल और भव्य शाही महलों में से एक का किया भ्रमण

# रॉयल पैलेस ऑफ मैड्रिड भारत से दशकों पुराने रणनीतिक संबंधों का प्रतीकः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि रॉयल पैलेस ऑफ मैड्रिड महल न केवल यूरोप के सबसे विशाल और भव्य शाही महलों में से एक है, बल्कि भारत और स्पेन के बीच दशकों पुराने रणनीतिक संबंधों का भी सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह महल केवल स्थापत्य सौंदर्य का नमूना नहीं, बल्कि भारत और स्पेन के बीच परस्पर सम्मान, संवाद और सहयोग की जीवंत मिसाल है।

डॉ यादव ने रॉयल पैलेस ऑफ मैड्रिड के भ्रमण के बाद यह विचार व्यक्त किए। रॉयल पैलेस के भ्रमण के दौरान डॉ. यादव ने उसके ऐतिहासिक महत्व, स्थापत्य कला और संरक्षित यूरोप की दुर्लभ कलाकृतियों, शस्त्रों और राजसी वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि रॉयल पैलेस जैसी धरोहरें हमें न केवल अतीत की गौरवशाली झलक दिखाती हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की गरिमा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की अहमियत भी सिखाती हैं।

### डॉ. यादव ने दुर्लभ कलाकृतियों, शस्त्रों और राजसी वस्तुओं का किया अवलोकन

*महल भारत और स्पेन के बीच परस्पर सम्मान,संवाद और सहयोग की जीवंत मिसाल*



**पीएम मोदी के संकल्प के अनुसार विकसित भारत के लिए मप्र में अधिक से अधिक निवेश और रोजगार के प्रयास किए जा रहे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 18 औद्योगिक नीतियों की जानकारी निवेशकों को दी जा रही है। युवाओं को कार्य का अवसर मिले और राज्य की आर्थिक स्थिति बेहतर हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुसार विकसित भारत के लिए मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश और रोजगार के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसी रॉयल पैलेस में वर्ष 2006 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का राजकीय सम्मान के साथ स्वागत हुआ था। इन ऐतिहासिक अवसरों की स्मृतियों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थल भारत और स्पेन के मधुर संबंधों की नींव का जीवंत साक्षी है।

**निवेश के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा स्पेन दौरा**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में विभिन्न सेक्टर्स में निवेश के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में स्पेन का दौरा निवेश के क्षेत्र में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने स्पेन के दौरे के दूसरे दिन और दो देशों की यात्रा के पांचवें दिन मीडिया को जारी संदेश में कहा कि स्पेन के साथ भारत विशेष रूप से मध्यप्रदेश के व्यापारिक तथा औद्योगिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की पहल हुई है। खाद्य प्रसंस्करण, टैक्सटाइल आदि क्षेत्रों में स्पेन के उद्यमी मध्यप्रदेश में निवेश करें, इन संभावनाओं पर चर्चा की जा रही है। विभिन्न इकाईयों का अवलोकन भी किया जा रहा है। डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि निश्चित ही इसके सुखद परिणाम आएंगे।*

### डेटा सेंटर, एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश के लिए अवसर का केंद्र बन रहा मप्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करने और वैश्विक स्तर पर डेटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को स्पेन के बार्सिलोना में स्थित इमर्शन कूलिंग टेक्नोलॉजी में अग्रणी कंपनी सबमर के मुख्यालय का दौरा किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सबमर की अत्याधुनिक तकनीकों, कार्यप्रणाली और ग्रीन एनर्जी समाधानों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

**संभावित रणनीतिक सहयोग पर हुई चर्चा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र डेटा सेंटर और एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में वैश्विक निवेश के लिए एक नई ऊर्जा और अवसर का केंद्र बन रहा है। सबमर जैसी अग्रणी तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारी से राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। सबमर और मप्र सरकार के बीच संभावित रणनीतिक सहयोग पर चर्चा हुई। कंपनी सबमर को मप्र में तकनीकी सलाहकार और सर्टिफायर के रूप में शामिल कर नए डेटा सेंटर परियोजनाओं की डिजाइन, सस्टेनेबिलिटी और एआई-रेडिनेस के मानकों को परिभाषित करने में भागीदार बनाया जाएगा।

### असम के मुख्यमंत्री पर राहुल गांधी के दिए बयान पर मंत्री विश्वास ने किया पलटवार

# राहुल गांधी खुद जमानत पर घूम रहे हैं, शर्मा से डरते हैंः मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्री विश्वास सारंग ने एक बार फिर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा पर राहुल गांधी द्वारा दिए बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, हेमंत बिस्वा शर्मा से भयभीत हैं। शर्मा और भाजपा सरकार ने असम में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और कांग्रेस को यह रास नहीं आ रहा।



सारंग ने राहुल पर हमला जारी रखते हुए कहा कि राहुल गांधी खुद जमानत पर घूम रहे हैं। पूरा नेहरू परिवार करोड़ों रुपए खा चुका है। अपने ऐशोआराम के लिए ट्रस्ट का पैसा डकार गए हैं। जनता को भ्रमित करने के लिए राहुल गांधी ऐसे बयान देते हैं।

**कांग्रेस को नकल से पहले अकल की जरूरत**

*कांग्रेस द्वारा आयोजित विधायकों के प्रशिक्षण शिविर को लेकर मंत्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस को पहले खुद प्रशिक्षित होना चाहिए। वो भाजपा की नकल करने में जुटे हैं, लेकिन खुद ही अनुशासनहीन और अप्रशिक्षित हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है। उनके नेता सिर्फ अव्यवस्था और भ्रम फैलाने में निपुण हैं। उन्होंने कहा कि जब से नेहरू परिवार ने देश में शासन किया है, तब से भ्रष्टाचार हुआ है। जनता को गुमराह करने वाले बयानों से राहुल गांधी बाज नहीं आ रहे। बिना तथ्य और मुद्दे के बयान देना उन्हें शोभा नहीं देता।*

## बिस्तर पर सो रहे युवक को सांप ने डसा युवक ने डंडा मारकर सांप को मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक जहरीले सांप ने युवक को डस लिया। जिसके बाद गुस्से में उस युवक ने सांप के दो टुकड़े कर दिए और फिर सो गया। जब परिजन आए तो उसकी हालत देखकर डर गए।

बाद में उसने अपने परिजनों को बताया कि एक जहरीले करैत सांप ने उसे डस लिया था जिसके बाद उसने पकड़कर उसके दो टुकड़े कर दिए। दरअसल, मामला परपा थाना क्षेत्र के देउरगांव का है। यहां के रहने वाले लक्खू के परिजन खेत में काम करने के लिए गए थे। लक्खू घर में अकेला था। बताया जा रहा है कि वह दोपहर में खाना खाने के बाद सो रहा था तभी एक जहरीला सांप उसके बिस्तर में चढ़ गया और उसके पैर में डस लिया। युवक ने अपने बगल में रखी लाठी से उसे मारकर घायल कर दिया और फिर पकड़कर उसके दो टुकड़े कर दिया। पैर में कपड़ा बांधकर सो गया। परिजनों ने डायल 112 को बुलाया और उसे अस्पताल पहुंचाया। लक्खू को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। उसका इलाज पास के ही मेकॉज में चल रहा है। सांप के दो टुकड़े करने के बाद लक्खू ने अपने पैर में कपड़ा बांध लिया और जमीन पर ही लेट गया। जब लक्खू के घर वाले खेत से लौटे तो उन्होंने देखा वह वह जमीन पर पड़ा हुआ है। उसके बाद उसे उठाकर घटना की जानकारी ली। जिसके बाद लक्खू ने बताया कि उसे एक सांप ने कांट लिया जिसके बाद उसके सांप के दो टुकड़े करके फेंक दिया। उसने सांप के दोनों टुकड़े भी परिजनों को दिखाए। अस्पताल पहुंचाया गांव में मचा हड़कंप लक्खू के सांप डसने और फिर लक्खू के दो टुकड़े करने की जानकारी जैसे ही गांव में मिली पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। स

### कटनी में संगठनात्मक बैठक का आयोजन

## सिंह ने उठाया ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। राष्ट्रीय महासचिव व मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल कार्यकर्ता बैठक सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को कटनी पहुंचे, जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बी के पटेल ने की। पार्टी के मप्र प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने कहा, हमारा लक्ष्य मप्र में संगठन को दलित, शोषित, वंचित वर्ग के लिए एक सुदृढ़ विकल्प बनाने का है। हमारा राज्य सरकार से भी अनुरोध है कि प्रदेश में ओबीसी आरक्षण को जल्द से जल्द 27% किए जाने की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता मान सिंह बिसेन, सीता शरण सिंह, श्रीकांत पटेल, संतराम पटेल, प्रतिभा पटेल, जगदीश पटेल, विजय कुमार पटेल, संतोष पटेल, शेषबहादुर सिंह पटेल, सुभाष पटेल, चैतुराम पटेल, रेखा पटेल व अन्य कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर किया गिरफ्तार

## सफाईकर्मी ने किया ट्रेनी डॉक्टर से रेप का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां टॉप एन टाउन होटल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई है। यह घटना आधी रात लगभग दो बजे की है, जब होटल के सफाई कर्मी 35 वर्षीय राजा खड़िया ने होटल के रूम नंबर 122 में घुसकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। होटल के सफाई कर्मी राजा खड़िया को आरोपी बनाया गया है। आरोपी ने होटल की खिड़की से कूदकर डॉक्टर के कमरे में प्रवेश किया और दुष्कर्म की कोशिश की। महिला डॉक्टर ने जब विरोध किया, तो आरोपी ने चाकू से मौत के घाट उतारने की धमकी दी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की



और होटल के सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान की। पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान कर ली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है। यह घटना कोरबा के एसपी ऑफिस के सामने स्थित होटल में हुई, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी की पहचान करने की कोशिश की और अब उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि सक्ति जिले से चार डॉक्टर 15 दिन की ट्रेनिंग के लिए 10 तारीख से कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज आई थी। जहां होटल टॉप एन टाउन में रुकी थी। वहीं से उनका आना-जाना चल रहा था। दो महिला डॉक्टरों की ट्रेनिंग खत्म होने के बाद वापस चली गई। वहीं दो ट्रेनी डॉक्टर अलग-अलग कमरे में रुकी हुई थी। रूम नंबर 122 में रुकी हुई महिला डॉक्टर के साथ यह घटना सामने आई। जहां इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। पीड़ित महिला डॉक्टर 24 वर्षीय है जो इस घटना के बाद डरी सहमी हुई है। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही जिला स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी होटल मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली।

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में चीतल को मारा तीर, शिकारी का पता लगाने इनाम घोषित

**जगदलपुर।** बस्तर के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में किसी ने चीतल को तीर मारकर उसका शिकार किया है। 18 जुलाई की सुबह घायल अवस्था में चीतल नेशनल हाईवे 30 पर पहुंचा और सड़क के बीच ही उसकी मौत हो गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग और राष्ट्रीय उद्यान के अफसरों को दी।

दरअसल, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बीच में एनएच-30 जगदलपुर-सुकमा सड़क है। इसी सड़क के पेदावाड़ा चौक के पास चीतल मृत पड़ा था। इसका शिकार किसने किया है फिलहाल यह अभी स्पष्ट नहीं हैं। अफसरों ने इसका पता लगाने वाले को 10 हजार इनाम देने की घोषणा की है। जो जानकारी देगा उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### विधानसभा सत्र की तैयारी और लंबित कार्यों की हुई समीक्षा

### मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक

## मुख्य सचिव ने कहा, समयसीमा में काम पूरा करें विभाग प्रमुख

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में विधानसभा के आगामी सत्र की तैयारी और लंबित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन, लोकलेखा समिति की सिफारिशें, विधानसभा में विभागों के प्रशासनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख अपने काम समय-सीमा में करें। कार्य की साप्ताहिक समीक्षा भी की जाए।



**यह अधिकारी हुए बैठक में शामिल**

बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, जेएन कंसोटिया, अशोक वर्णवाल, संजय शुक्ल, मनु श्रीवास्तव, रश्मि अरूण शमी, प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल, संदीप यादव सहित विभागों के सचिव, अपर सचिव एवं उप सचिव उपस्थित थे।

**मुख्य सचिव कांफ्रेंस की तैयारियों के निर्देश**

*मुख्य सचिव जैन ने बैठक में 5वीं राष्ट्रीय मुख्य सचिव कांफ्रेंस की तैयारियों के भी निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त कोर्ट केस, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के प्रकरणों में राज्य शासन की ओर से समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।*

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को सौंपेगी ज्ञापन

- इलेक्ट्रो होम्योपैथी के अस्पताल शिवम अस्पताल एवं एलर्जी चर्म रोग क्लिनिक पर छापेमारी की चेयरमैन डॉ. खनगवान ने की कड़ी निंदा

**चंडीगढ़।** महेंद्रगढ़ के गांव खुडाना में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के अस्पताल शिवम अस्पताल एवं एलर्जी चर्म रोग क्लिनिक पर छापेमारी के विरोध में इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएचआर) प्रदर्शन कर शनिवार को हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को ज्ञापन सौंपेगी। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल ने शुक्रवार को बताया कि शिवम अस्पताल एवं एलर्जी चर्म रोग क्लिनिक पर सीएम फ्लाइंग द्वारा की गई छापेमारी गलत है। सीएम फ्लाइंग टीम ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर को प्रताड़ित किया है। यह इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर के साथ अन्याय है।

**डॉक्टर्स को प्राताड़ित न करें**

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक इलेक्ट्रो होम्योपैथी में प्रैक्टिस करने पर रोक नहीं है। वहीं राजस्थान सरकार इसे मान्यता दे चुकी है। सीएम फ्लाइंग टीम ने गलत व्यवहार किया है। डॉक्टर के दस्तावेज तक नहीं देखे। हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इसके विरोध में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से ज्ञापन पत्र सौंपा जाएगा, तकि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डॉक्टर्स का प्रताड़ित ने किया जाए।

## चिंतन

# टीआरएफ के आतंकी संगठन घोषित होने से पाक बेनकाब

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी में अमेरिकी नीतियों में अस्थिरता और पाकिस्तान के प्रति झुकाव के बावजूद अमेरिका का पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करना न केवल भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों के हाथ की पुष्टि भी है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) है। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, हालांकि बाद में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट के कहने पर टीआरएफ अपने दावे से पीछे हट गया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश नीति व कूटनीतिक परिपाटी का उल्लंघन करते हुए ट्रंप ने भारत व पाक के बीच युद्ध विराम पर सहमति का पहले ऐलान कर नई दिल्ली को असहज कर दिया था। इस दौरान ऐसी स्थिति बनी कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा। पाक के सेना प्रमुख ने पीओके में भारत व हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया, उसके कुछेक दिनों बाद ही पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें धर्म पूछ कर निहत्थे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों का स्पष्ट हाथ था, जिसके खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इस दौरान भारतीय सेना ने पाक सरकार के प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकाने और आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, केवल आतंकवादी गुटों के अड्डों पर टार्गेटेड हमले किए। लेकिन पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। यह सब जानते हुए भी ट्रंप ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में दावत पर बुलाया और स्पेशल ट्रीटमेंट दी। हालांकि अमेरिका की यह कूटनीतिक कवायद पाकिस्तान को साधने की थी कि जब वो ईरान पर हमला करे, तो पाकिस्तान ईरान का साथ न दे। लेकिन इसकी टाइमिंग ने ट्रंप को आतंकवाद के पालक-पोसक और पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान के साथ खड़ा कर दिया। अब अमेरिका द्वारा टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करने से पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर बेनकाब हो गया है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद रोधी अमेरिकी प्रतिबद्धता की सराहना की है, लेकिन अमेरिका की अस्थिर नीतियों के चलते अभी भारत को पैनी नजर वाशिंगटन पर रखनी चाहिए कि उसकी प्राथमिकताओं में आतंकवाद को खाद-पानी देने वाला पाकिस्तान कहां है। कहीं टैरिफ वार्ता से पहले अमेरिका का फैसला भारत को संतुष्ट करने के लिए तो नहीं है? भारत ने कई वैश्विक मंचों और द्विपक्षीय वार्ता में पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किए जाने की वकालत की है। अब देखना है कि अगर अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ इतना ही प्रतिबद्ध है तो क्या वह पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करेगा? इस दिशा में वह कोई कदम उठाता है या नहीं। पहलगाम हमला 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 में किया गया हमला भी शामिल है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# छांगुर का इस्लामीकरण जाल

छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों -महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है।

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हिंदुओं को मुसलमान बनाने का जैसा तंत्र सामने है, वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए चेतावनी है। यह स्वतंत्र भारत का अब तक का एक व्यक्ति केंद्रित हिंदुओं को मुसलमान बनाने का ऐसा सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है जो कंपनी की तरह व्यवस्थित है, जिसकी अनेक परतें हैं। इसमें हिंदुओं को फंसाने, बरगलाने के लिए युवक - युवतियों की तैयार फौज सक्रिय है। उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है और तंत्र के स्थायी देशव्यापी ठोस ढांचे के रूप में विस्तृत होने की प्रक्रिया भी जारी है। छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों - महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। देश-विदेश में मोटा-मोटी तीन दर्जन बैंक खाते, जिनमें लगातार धन आ और निकल रहे हों, किसी बड़ी कंपनी की गतिविधियों जैसी है। बलरामपुर का मधुपुर गांव उत्तर प्रदेश एटीएस यानी आतंक विरोधी दस्ता, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, आयकर विभाग, ईडी से लेकर मीडिया की गतिविधियों का केंद्र बना है।

प्राथमिक सूचना थी कि वह लगभग 1500 हिंदुओं को इस्लाम मजहब में ला चुका है किंतु अब कई गुना ज्यादा संख्या सामने आ सकती है। इस घटना के अभी अनेक पहलू रहस्य में हैं। उसके बारे में नियमित हैरत में डालने वाली नई जानकारियां सामने आ रहीं हैं जो धरातल पर थीं। गांव में तीन बीघे में बना हुआ 70 कमरे का आलीशान मकान जिसमें सारी आधुनिक सुख - सुविधायें और निर्माण ऐसा कि लोगों को बंद कर कुछ भी कर दिया जाए तो बाहर पता न चले। आठ बुलडोजर को 40 कमरे वाले हिस्से को तोड़ने में तीन दिन लगे। उसकी कहानी पर सहसा विश्वास नहीं होता। उसकी ताबीज़ या नगों से कुछ लोगों को कठिनाइयों से थोड़ी बहुत मुक्ति मिली तो उन्होंने छांगुर को पीर मानना शुरू किया और उसकी ख्याति बढ़ी। पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़वाया, वह दो बार जीती और क्षेत्र में उसका कद बढ़ा। इसके पीछे भी कितने लोगों का दिमाग था इसकी परतें खुलनी अभी बाकी हैं। नीतू और नवीन के मुसलमान बनने के दस्तावेज दुबई के हैं। यह कैसे संभव हुआ? वे अनेक बार विदेश गए। दोनों के 19 बार दुबई जाने के रिकॉर्ड हैं जिनमें केवल एक बार साथ गये! अजीब रहस्य है। ईसाई मिशनरियां दलितों व जनजातियों को लक्ष्य बनाकर धर्मांतरण करतीं हैं। उनके पास हर क्षेत्र का जनांकिकीय डाटा है। उसने वहां से डाटा हासिल किया और उत्तर प्रदेश के अलावा 550 से ज्यादा जिलों की पहचान की थी, जहां हिंदू युवतियों-महिलाओं को मुस्लिम बनाने का योजनाबद्ध अभियान चलना था। सोचिए, कितनी बारीकी से वह भारत के इस्लामीकरण पर काम कर रहा था और हिंदू या गैर मुस्लिम बहुसंख्य समाज में उसका बाल तक बांका नहीं हुआ। उसके अकेले के दिमाग की बात नहीं हो सकती। क्या यह आपको नए सिरे से ऐसे तत्वों के मुकाबले के लिए



भूमिका तैयार करने की चेतावनी नहीं है? हिंदू जाति व्यवस्था का ताना देने वाले ध्यान रखें कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूतों की लड़कियों ने छांगुर तंत्र के प्रभाव- दबाव में इस्लाम कबूल किया है। नीतू वोरा और नवीन वोरा ही नसरीन और जमालुद्दीन कैसे बन गए? इनके मामले में जाति पहलू नहीं है। मुंबई में व्यापार करने वाले दोनों पति-पत्नी कठिनाई में संपर्क में आए। वह मुंबई जाने पर उन्हीं के यहां ठहरने लगा। इन दोनों ने तय कर लिया कि गांव में उसके साथ ही रहना है और इसलिए संपत्ति बेची। छांगुर की हिंदुओं के इस्लामीकरण की कल्पना को साकार करने के लिए जिंदगी लगा दी। घर के साथ शहर की जमीन, दुकानें भी नीतू के नाम है। इनके खातों में ही ज्यादा धन आए और निकले। कोई अपने विचार से मजहब बदले यह उसका अधिकार है। किंतु धन, बाहुबल और हर तरीके से जाल में लाकर, विवश कर इस्लामीकरण का यह तंत्र अपराधियों माफियाओं का गिरोह जैसा था। शायद छांगुर का भयानक तंत्र कायम रहता यदि चंगुल में फंसी कुछ लड़कियां, महिलायें बाहर नहीं आती। एक घटना में अनाम से संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने जब लखनऊ में कुछ की हिंदू धर्म में वापसी का हवन किया और मीडिया में बातें आई, तब देश के संज्ञान में आया कि छांगुर इन सबके पीछे है। यह स्थिति डराने के साथ खीझ भी पैदा करती है कि एक व्यक्ति सरेआम हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने की इस्लामी कॉर्पोरेट शैली में कंपनी खड़ी कर उत्तर प्रदेश से विदेश तक विस्तारित कर लेता है और पुलिस, प्रशासन, संगठनों, जनप्रतिनिधियों को इतने वर्षों तक पता नहीं चलता। उसने मुख्य मार्ग से अपने किले तक 500 मीटर सड़क बना ली। 50 कमांडो तैयार किए जो खुलेआम चलते थे। ऐसा संभव नहीं कि लोग पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तक शिकायत लेकर नहीं गये हों। पुलिस प्रशासन में हैसियत ऐसी कि छांगुर के सहयोगी ने भागकर पुलिस में शिकायत की, पर उसके विरुद्ध ही धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। उसके खातों में विदेश से पैसे आते रहे, उसके लोग असामान्य रूप से विदेश जाते- आते रहे और केंद्रीय एजेंसियों के कान खड़े नहीं हुए। तो इसके अर्थ क्या हैं? यह सच है कि केंद्र और अनेक प्रदेशों में भाजपा की सरकारें आने के बाद स्थिति बदली है और आज केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के कारण ही कार्रवाई संभव हो सकी। बावजूद स्वीकारना होगा कि अभी भी मजहबी मतांतरण, लव जिहाद, मजार, मदरसों के नाम जमीन कब्जा करने आदि अनेक मामलों की आरंभिक शिकायत पुलिस प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता।

प्रायः संगठनों, राजनीति का रवैया भी उत्साहजनक नहीं रहता तथा उनके विरुद्ध काम करने वालों के जीवन में ही संकट पैदा हो जाते हैं। अभी तक भाजपा विरोधी पार्टियों, एक्टिविस्टों, मीडिया के पुरोधाओं में से किसी ने इस पर सामान्य विरोधी प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं की है। क्या निर्दोष, निरपराध हिंदू लड़कियों-महिलाओं की इज्जत, गरिमा, उनके मानवाधिकार का महत्व नहीं? इसका उत्तर उनसे मांगा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अंदर ऐसा होना बताता है कि पूरे एप्रोच में आमूल बदलाव की आवश्यकता है। भारत में इस्लामिक कट्टरता का मुख्य आधार उत्तर प्रदेश है। पुलिस प्रशासन का भ्रष्टाचार, अनेक नेताओं की दिशाहीनता तथा कायरता ही इसके पीछे मूल कारण है। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है। आप चौकन्ने रहकर उनके मुकाबले के लिए तैयार नहीं हैं तो फिर कोई सरकार या व्यवस्था आपको हिंदू या सनातनी के रूप में बचा नहीं सकती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उपलब्धि
हर्षवर्धन पान्डे




# मप्र के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है। इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है। एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है। भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया। यह मॉडल न केवल स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी एक जीवंत उदाहरण है। यह मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हो सकती है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग में देश में शीर्ष स्थान पर रहकर यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो देश का कोई भी इलाका कचरे के ढेर से निकलकर स्वच्छता की मिसाल बन सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रयास करके मानव खोल सकता है सफलता के द्वार



संकलित
**दर्शन**

मानव के विषय में धर्म शास्त्रों के स्वर बहुत उच्च कोटि के हैं। मानव को विश्व का श्रेष्ठ तम प्राणी तो स्वीकार किया ही है, मानव को अपार क्षमता का भंडार बताया गया है। यह सत्य है क्यों कि हम देखते हैं कि कुछ व्यक्ति निश्चित ही अद्भुत क्षमता, प्रतिभा लिए होते हैं। इसका अर्थ है सभी मानवों में वे योग्यताएं रही हुई है। अन्तर केवल इस बात का है कि कुछ व्यक्ति प्रयास करके अपनी क्षमताओं का जागरण कर लेते हैं कुछ यह नहीं कर पाते। जो यह प्रयास नहीं कर पाते, वे समझने लगते हैं कि उसको परमात्मा की देन है हम उससे वंचित है किन्तु वास्तविकता यह नहीं है। परमात्मा किसी को कुछ देता नहीं है और यदि वह देगा तो सभी को बराबर देगा। भेद भाव क्यों करेगा। उच्च पुरुष भी भेद भाव नहीं करते तो परमात्मा भेद भाव कैसे करेगा ? वास्तव में परमात्मा कुछ देता नहीं है किसी को। जिसको सफलताएं मिलती है उसे उसके प्रयास से मिलती है और जो जीवन में कुछ भी नहीं कर पाता है तो यह उसकी ही अकर्मण्यता है। परमात्मा को दोष नहीं देना चाहिए। कालीदास बचपन में निरक्षर थे किन्तु प्रयास कर के महान विद्वान बन गए। सफलता प्राप्त व्यक्तियों का सर्वदा एक ही मार्ग रहा है प्रयास। प्रयत्न करते हुए व्यक्ति को कोई परास्त नहीं कर सकता। मानव की चेतना का मौलिक स्वरुप परमात्मा मय है अतः आत्म विश्वास पूर्वक सही दिशा में प्रयत्न करें तो वह अपने जीवन की सफलता के सारे द्वार खोल सकता है। उसका प्रयत्न ही वह चाबी है जिसका उसे प्रयोग करना है। **-कांतिलाल मांडोत,** सूरत

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहा: राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जनप्रतिनिधियों की शपथ में हो समीचीन बदलाव

भारतीय संविधान में व्यवस्था है कि हर मंत्री, विधायक, सांसद और राष्ट्रपति तक, सभी जन-प्रतिनिधि शपथ उठाते हैं कि वे पद की गरिमा एवं गोपनीयता का निर्वहन करेंगे और संविधान तथा देश की जनता के प्रति उत्तरदायी रहेंगे। जवाबदेह रहना भी चाहिए। यह एक बहुत ही अच्छी व्यवस्था है। सब बेहतरी के लिए ही है। इस शपथ में और कुछ शब्द जोड़े जा सकते हैं, कि बड़बोलेपन, भाई-भतीजावाद, घोटालों और क्षेत्रवाद से दूर रहूंगा और पक्षपात से हमेशा तौबा करूंगा। यह भी शपथ में शामिल हो कि, यदि जनाकांक्षाओं पर खरा न उतरूं, तो पद त्याग दूंगा, क्योंकि निर्वाचन के बाद नेताओं का व्यवहार बदल जाता है। **- सचिन देशपांडे,** दुर्ग

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में चेम्मानी सामूहिक कब्रगाह से बच्ची के अवशेष मिले

श्रीलंका के जाफना जिले में एक सामूहिक कब्रगाह से निकाले गए मानव अवशेषों में चार-पांच साल की एक लड़की के कंकाल की पहचान की गई है। 1990 के दशक के मध्य में लिट्टे संघर्ष के दौरान पहली बार यह कब्र चर्चा में आई थी। वकील जगनाथन तथपरन ने कहा, "फोरेंसिक पुरातत्वविद् राज सोमदेव ने चेम्मानी में स्थित सामूहिक कब्र की खुदाई के निष्कर्षों की रिपोर्ट 15 जुलाई को जाफना मजिस्ट्रेट की अदालत को दी थी।" राज सोमदेव इस खुदाई की देखरेख कर रहे थे।इस वर्ष के आरंभ में, न्यायालय ने सामूहिक कब्र स्थल पर नियमित विकास कार्य के दौरान मानव कंकाल के अवशेष मिलने के बाद कानूनी निगरानी में खुदाई का आदेश दिया था। तथपरन ने बताया कि बच्ची के अवशेष के साथ स्कूल बैग और खिलौने मिले हैं। सोमदेव ने अदालत को बताया कि वह 4-5 साल की उम्र की एक लड़की थी। वकील ने बताया कि कपड़ों और शारीरिक विशेषताओं में समानता के आधार पर दो और कंकाल भी बच्चों के होने का संदेह है। चेम्मानी स्थल ने पहली बार 1998 में सभी का ध्यान आकर्षित किया था, जब एक श्रीलंकाई सैनिक ने वहां सामूहिक कब्रों के अस्तित्व के बारे में गवाही दी थी। वहां 1990 के दशक के मध्य में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) और श्रीलंका सरकार के बीच संघर्ष के दौरान कथित तौर पर मारे गए सैकड़ों नागरिकों की कब्रें थीं।



## ऑफ बीट

# 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा

2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।



## ट्रेंड

### घुसपैठियों पर कार्रवाई



अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और कछार व श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया है। हम अवैध घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।
-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### 125 यूनिट बिजली मुफ्त



हम शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार

### इस्लाम-कुरान पर चुप्पी



कथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की सारी 'धर्मनिरपेक्षता' सिर्फ हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं पर टिप्पणी करने तक ही सीमित रहती है लेकिन जैसे ही बात इस्लाम और कुरान पर आती है तो वही नेता अचानक 'चुप्पी' साध लेते हैं।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### मनुवादी व्यवस्था



हरियाणा के सिरसा में दलित युवक की हत्या और उसके परिवार के साथ बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है - यह भाजपा-आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वो घिनौना चेहरा है जो बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

ईडी की रडार पर अब 'आप' नेता

# मनी लॉन्ड्रिंग के 3 नए मामले दर्ज, बड़े नेताओं से जल्द होगी पूछताछ

## मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एक बार फिर ईडी की रडार पर आ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आए 3 बड़े कथित घोटालों में मनी लॉन्ड्रिग के केस दर्ज कर लिए हैं। ये मामले अस्पताल निर्माण, सीसीटीवी परियोजना और शेल्टर होम से संबंधित हैं। ईडी ने इन मामलों में इन्फोर्समेंट केस इनफॉर्मेशन रिपोर्ट दर्ज की है और जल्द ही आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को पूछताछ के लिए समन भेजे जा सकते हैं।





### सौरभ और जैन की भूमिका पर सवाल

*पहला मामला 5,590 करोड़ रुपए के अस्पताल निर्माण घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस घोटाले में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। साल 2018-19 में दिल्ली सरकार द्वारा 24 अस्पताल परियोजनाएं मंजूर की गई थीं। इन आईसीयू अस्पतालों को 6महीने में तैयार करना था, लेकिन 3 साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है। अब तक करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है। एलएनजेपी अस्पताल की लागत 488 करोड़ से बढ़कर 1,135 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।*

### दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा

दूसरा मामला 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी घोटाले से जुड़ा है। 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई थी। यह ठेका भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (भेल) को दिया गया, लेकिन परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई। भेल पर 17 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया, जिसे बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के माफ कर दिया गया था।

### 207 करोड़ की गड़बड़ी का डीयूएसआईबी शेल्टर होम घोटाला

तीसरा मामला 207 करोड़ की गड़बड़ी का डीयूएसआईबी शेल्टर होम घोटाले से जुड़ा है। दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड से जुड़ी परियोजनाओं में भी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। आरोप है कि फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद के जरिये 207 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई। लॉकडाउन के दौरान कागजों में दिखाया गया कि 250 करोड़ रुपए का शेल्टर होम का काम 'घोस्ट वर्कर्स' के नाम पर दर्शाया गया। इन कर्मचारियों की सैलरी नेताओं तक कमीशन के रूप में पहुंचाने का आरोप है।

## चार्जशीट पर भड़के राहुल मेरे बहनोई को परेशान किया जा रहा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को परेशान करने का आरोप लगाया। प्रवर्तन निदेशालय ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले में रॉबर्ट के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मेरे बहनोई को पिछले 10 साल से यह सरकार परेशान कर रही है। यह हालिया आरोप-पत्र उसी प्रताड़ना अभियान का एक और हिस्सा है।

### आतिशी का पलटवार
### एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने ईडी के द्वारा आम आदमी पार्टी के नेताओं पर केस दर्ज करने पर कहा कि भाजपा ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करना फिर शुरू कर दिया है। आप के नेताओं पर फर्जी मामले दर्ज करना शुरू कर दिया गया है।

### शरद गुट के हाथापाई करने वाले विधायक जितेंद्र पर एफआईआर, 2 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानभवन परिसर में गुरुवार को बड़ा सियासी हंगामा देखने को मिला। भाजपा धायक गोपीचंद पडलकर और एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड के समर्थकों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। पुलिस ने आव्हाड के समर्थक नितीन देशमुख को हिरासत में लिया। आव्हाड ने पुलिस की वैन के नीचे लेटकर रास्ता रोक दिया। मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में जितेंद्र के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधायक पर हमला, गाड़ी में तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में एक भाजपा विधायक को भीड़ ने निशाना बनाया। हमला करने वाले कथित तौर पर सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े हुए थे। इसकी शिकायत दर्ज कराई है। इस हमले में विधायक के एक सुरक्षा गार्ड और निजी सहायक को भी चोटें आई हैं।घटना घोकसाडांगा रेलवे स्टेशन पर तब जब वे कोलकाता जाने के लिए ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे।



### ट्रेन से कटकर 3 हाथियों की मौत

**बासतोला।** झारखंड और पश्चिम बंगाल से सीमा से सटे बासतोला से रेल हादसे में 3 हाथियों की मौत की खबर है। घाटशीला के चाकुलिया से सटे बंगाल के बासतोला में ट्रेन की चपेट में आने से 3 हाथी की मौत हो गई। मृत हाथियों में एक वयस्क और दो बच्चा हाथी शामिल हैं। 7 हाथियों का एक झुंड रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन आ गई।



### जस्टिस को हटाने प्रस्ताव लाना सांसदों का विषय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल नेकहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाना पूरी तरह से सांसदों का विषय है और सरकार इसमें कहीं भी शामिल नहीं है। जांच को तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट दे चुकी है।



### सांगली का 'इस्लामपुर' अब होगा 'ईश्वरपुर'

**सांगली।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि सांगली जिले के इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर कर दिया गया है। यह घोषणा राज्य विधानसभा में मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान की ओर से सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया।



### सुप्रीम कोर्ट से लालू को झटका, कार्यवाही चलेगी

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजद सुप्रीमो लालू यादव को करारा झटका दिया है। अदालत ने लालू के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट को मामले की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पेशी से छूट देकर राहत जरूर दी है।



## मोतिहारी में प्रधानमंत्री मोदी का 'लालू के परिवार पर वार'

# हम बनाएंगे समृद्ध व नया बिहार साथ ही हर युवा को देंगे रोजगार

## नीतीश की खुलकर की सराहना, राजद-कांग्रेस को दिया उलाहना

एक तरफ लालटेन राज, दूसरी तरफ विकास की रोशनी

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मोतिहारी में गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा और राजद-कांग्रेस पर आरोप लगाए। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार आगे बढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। हमारा संकल्प है समृद्ध बिहार, हर युवा को रोजगार। बिहार के नौजवानों को बिहार में ही रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलें। इसके लिए केंद्र कंधे से कंधा मिलाकर सीएम नीतीश कुमार का साथ दे रही है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही हमने एक बड़ी योजना शुरू की है। प्राइवेट नौकरी में जिसे पहली बार मौका मिलेगा, उसे 15 हजार रुपए केंद्र सरकार देगी। ये योजना अगस्त से ही लागू होने जा रही है। इसका फायदा बिहार के नौजवानों को भी होगा। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने पिछड़े जिले की जगह आकांक्षी जिला बनाकर विकास किया। अब वे देश का पहला गांव कहलाते हैं। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की।



### ओबीसी आयोग पर हमारी सरकार ने ही काम किया

उन्होंने कहा कि दशकों तक ओबीसी आयोग संवैधानिक दर्जे की मांग कर रहा था, हमारी सरकार ने ही यह काम भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के पास न सामर्थ्य की कमी है और न ही संसाधन की। एनडीए सरकार आने के बाद ही मखाना की कीमत बढ़ी है, जिससे किसानों को फायदा हो रहा है। इसके अलावा लीची, जर्दालु आम, मगही पान और कतरनी चावल जैसे कई उत्पाद हैं, जिन्हें दुनिया भर के मार्केट से जोड़ा जाएगा।

### हम काम करके दिखाते हैं

उन्होंने कहा कि न हम नारों तक अटकते हैं, न वादों तक सिमटते हैं, हम काम करके दिखाते हैं। जब हम कहते हैं कि पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए काम कर रहे हैं, तो ये हमारी नीतियों में नजर आता है। उन्होंने बिहार में नक्सलवाद समाप्त करने की चर्चा करते हुए कहा कि यह नया भारत दुश्मनों को सजा देने के लिए जमीन आसमान एक कर देता है। बिहार की धरती से ही मैंने ऑपरेशन सिंदूर का संकल्प लिया था और आज इसकी सफलता को पूरी दुनिया देख रही है।

### संपूर्ण बिहारवासियों के जीवन में सुख शुभ होखे

*पीएम मोदी ने बिहार को कई सौगातें भी दीं। बिहार चुनाव से पहले पीएम मोदी का यह दौरा अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी ने भोजपुरी में संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि सावन के इ पवित्र माह में हम बाबा सोमेश्वर नाथ के चरण में प्रणाम करत बानी। आ उनका से हम आशीर्वाद मांगतानी की संपूर्ण बिहारवासियों के जीवन में सुख शुभ होखे। पीएम मोदी ने कहा कि चंपारण की धरती ने इतिहास बनाया है।*

### प्रधानमंत्री की जय हो
### पटना-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, लोगों ने नारे लगाए



*पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बापूधाम मोतिहारी से चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का शुभारंभ किया। उन्होंने राजेंद्र नगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस सहित चार ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर विशेष ट्रेन में सवार छात्रों ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह ट्रेन अब पटना, भोजपुर, बक्सर समेत बिहार के कई जिलों के लोगों को आधुनिक और सुलभ रेल यात्रा का अनुभव देगी। लोगों ने पटना से चली इस ट्रेन का स्वागत रास्ते में जोरदार ढंग से किया। आरा स्टेशन पर भारत माता और प्रधानमंत्री मोदी के जयकारे लगाए।*

### नार्वे, न्यूजीलैंड और सिंगापुर की आबादी के बराबर गरीबों को घर दिए

नार्वे, न्यूजीलैंड और सिंगापुर की जितनी कुल आबादी है, उससे ज्यादा हमने अकेले बिहार में गरीबों को घर दिए हैं। हमारे अकेले मोतिहारी जिले में 3 लाख के करीब गरीब परिवारों को पक्के घर मिले हैं और ये गिनती लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है।

### 7217 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

पीएम मोदी ने मोतिहारी से बिहारवासियों को 7217 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर, रोजगार, विकास, माओवाद और इंडिया गठबंधन पर बातें की। राजद और कांग्रेस राजद की याद भी दिलाई। उनके शासन को बताया।

### राजद और कांग्रेस ने केवल अपना परिवार देखा

पीएम मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक था, गरीब का पैसा गरीब तक पहुंचना असंभव था। जो शासन में थे, उनमें बस यही सोच थी कि कैसे गरीब के हक का पैसा लूट लें। वे गरीबों, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के नाम पर मात्र राजनीति किए।

## ममता के आरोप पर बोले सरमा

# असमिया, हिंदू और बंगाली मुख्यमंत्री बैनर्जी को छोड़ेंगे नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बैनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। सरमा ने कहा कि ममता को केवल बंगाली भाषी मुसलमानों की चिंता है। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वह मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे। गुरुवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता ने भाजपा पर राजनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भाषाई पहचान को हथियार बनाने का आरोप लगाया था। ममता के इन्हीं आरोपों पर सरमा ने पलटवार किया है। सरमा ने पलटवार करते हुए कहा कि सवाल यह है कि क्या ममता बंगालियों को पसंद करती हैं या केवल मुस्लिम-बंगालियों को। मेरा जवाब केवल मुस्लिम-बंगाली है। उन्होंने कहा कि यदि वे मुस्लिम-बंगालियों के लिए असम आती हैं, तो असमिया लोग और हिंदू-बंगाली उन्हें नहीं छोड़ेंगे।



### बंगाल में क्यों नहीं लागू किया सीएए?

*सरमा ने सवाल करते हुए पूछा कि अगर बेनर्जी बंगाली भाषी लोगों की सुरक्षा में रुचि रखती हैं, तो उन्होंने अपने राज्य में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम या सीएए क्यों लागू नहीं किया? बंगाली भाषी हिंदू वृहत्तर असमिया समाज में समाहित हो गए हैं और उनकी भाषा, संस्कृति, धर्म और सभी पहलुओं को यहां संरक्षित किया जाता है। हिमंत ने कहा कि ममता को यह समझना चाहिए कि असम में बंगाली-हिंदुओं को न केवल संरक्षित किया गया है, बल्कि उन्हें वृहत्तर असमिया परिदृश्य में समाहित भी किया गया है। उनके अपने मंत्री और विधायक हैं।*

# 13 दिनों में 870 फार्मेसी कॉलेजों को मंजूरी देने वाले पटेल पर सीबीआई का शिकंजा, फिर भी गिरफ्तारी नहीं

## कांग्रेस ने नरमी बरतने का लगाया आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने आज आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मॉन्टू पटेल के खिलाफ बहु-करोड़ घोटाले की जांच में नरमी बरत रहा है, जिसमें पटेल मुख्य आरोपी हैं। आज यहां एआईसीसी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि सीबीआई ने अदालत में सभी तथ्य प्रस्तुत नहीं किए, जिसके कारण आरोपी मॉन्टू पटेल को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण मिल गया। उन्होंने कहा कि पटेल के खिलाफ पुख्ता और अकाट्य सबूत होने के बावजूद सीबीआई को एफ़ाईआर दर्ज करने में दो साल लग गए। गोहिल ने आरोप लगाते हुए कहा, चूंकि पटेल गुजरात में भाजपा की युवा शाखा के पदाधिकारी हैं, इसलिए सीबीआई ने उनके प्रति नरमी बरती और अदालत में तथ्यों को ठीक से प्रस्तुत नहीं किया।

उन्होंने मांग की कि सीबीआई को अपनी जांच के पूरे रिकॉर्ड, साक्ष्यों और सबूतों के साथ अदालत में पेश करना चाहिए, ताकि अगली सुनवाई में पटेल की अग्रिम जमानत रद्द हो सके। विस्तार से जानकारी देते हुए गोहिल ने कहा कि पटेल पर 5000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है, जिसमें बिना किसी भौतिक सत्यापन के फार्मेसी कॉलेजों को मंजूरी दी गई। मात्र 13 दिनों में 870 कॉलेजों को मंजूरी दी गई थी। गोहिल ने फार्मेसी कॉलेजों को मान्यता देने के बदले रिश्वत सौदों की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी चलाई। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर और बड़े पैमाने के आरोपों के बावजूद, सीबीआई ने न तो पटेल को गिरफ्तार किया और न ही उन्हें समन किया। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने अदालत को यह कहकर आश्चर्यजनक रूप से जवाब दिया कि उसने पटेल से फोन पर बात की थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि सभी प्रासंगिक विवरण होने के बावजूद, सीबीआई ने इन्हें अदालत में प्रस्तुत नहीं किया, क्योंकि आरोपी का भाजपा से संबंध है। गोहिल ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि न तो स्वयं भ्रष्ट होने और न ही दूसरों को भ्रष्ट होने देने का उनका संकल्प क्या हुआ? उन्होंने यह भी पूछा कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद पटेल को भाजपा से क्यों नहीं हटाया गया?

उन्होंने यह भी पूछा कि आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मॉन्टू पटेल के आवास या अन्य परिसरों पर छापेमारी क्यों नहीं की? गोहिल ने मांग की कि फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से भाजपा से संबद्ध सदस्यों को हटाया जाए और एक अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया जाए, जो सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट का रिटायर्ड जज हो। उन्होंने कहा कि काउंसिल के पुनर्गठन के लिए एक नया कानून बनाया जाए, जिससे इसकी कार्यप्रणाली में ईमानदारी और पारदर्शिता सुनिश्चित हो।

## मुंबई हाई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

# विवाहेत्तर संबंध रखने का संदेह करना तलाक का ठोस आधार

पति से संबंध बनाने से इनकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाई कोर्ट ने एक फैमिली कोर्ट के तलाक संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली महिला को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि पति के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करना और उस पर विवाहेत्तर (शादी के बाहर) संबंध रखने का संदेह करना क्रूरता है। इसलिए यह तलाक का आधार है। जज रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने कहा कि महिला के आचरण को उसके पति के प्रति 'क्रूरता' माना जा सकता है।

### फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती



कोर्ट ने महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। उक्त आदेश में पति की तलाक याचिका को मंजूरी दी गई थी। महिला ने याचिका में अपने पति से एक लाख मासिक गुजारा भत्ता दिलाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया था।

### 2013 में शादी, 2014 से रहने लगे अलग

इस जोड़े की शादी साल 2013 में हुई थी, लेकिन दिसंबर 2014 से वे अलग रहने लगे। साल 2015 में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए पुणे की परिवार अदालत का रुख किया, जिसे मंजूरी मिल गई। महिला ने याचिका में कहा कि उसके ससुराल वालों ने उसे परेशान किया था, लेकिन वह अब भी पति से प्यार करती है और इसलिए वह विवाह संबंध खत्म नहीं करना चाहती।

## सीएम डॉ. यादव ने लोनिया की अग्रणी कंपनियों को मप्र में निवेश, तकनीकी सहयोग के लिए न्योता दिया

# यही समय है... यूरोपीय कंपनियां मप्र को अपने निवेश गंतव्य के रूप में देखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फूड प्रोसेसिंग, टैक्सटाइल और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कैटलोनिया की अग्रणी कंपनियों को मप्र में निवेश और तकनीकी सहयोग के लिए आमंत्रण दिया।

उन्होंने प्रदेश की नई औद्योगिक नीति, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और युवा शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सही समय है जब यूरोपीय कंपनियां मप्र को अपने निवेश गंतव्य के रूप में देखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात स्पेन प्रवास के तीसरे दिन निवेशकों से मुलाकात में यह बात कही। उन्होंने इससे पहले बार्सिलोना के मर्काबार्ना का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बार्सिलोना स्थित मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मप्र के लिए उपयोगी हो सकता है। बढ़ते कृषि उत्पादन को देखते हुए बेहतर पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट और निर्यात प्रणाली की जरूरत है। मप्र में गेहूं, चावल, फल, सब्जियों और प्रोसेस्ड फूड के निर्यात की असीम संभावनाएं हैं। इस दिशा में मर्काबार्ना का अनुभव एक मॉडल के रूप में सामने आता है, जिससे प्रेरणा लेकर प्रदेश के खाद्य उत्पादकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र को आत्मसात करते हुए मप्र वैश्विक साझेदारियों के लिए तैयार है

मुख्यमंत्री ने स्पेन प्रवास के तीसरे दिन निवेशकों से की मुलाकात मर्काबार्ना का समग्र मॉडल मध्यप्रदेश के लिए प्रेरणादायक



## भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग की संभावनाएं

मर्काबार्ना के सीईओ ने मप्र के प्रति रुचि जताई। सीईओ पाब्लो विल्लानोवा ने डॉ. यादव का अभिवादन करते हुए कहा,भारत और स्पेन के बीच कृषि लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग की संभावनाएं हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के प्रति विशेष रुचि और भविष्य में द्विपक्षीय ज्ञान साझेदारी पर सहमति जताई। उन्होंने 'फार्म- टू-फोर्क' मॉडल, कोल्ड चेन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण की सराहना की।

### खाद्य अपशिष्ट नियंत्रण और नवाचार के क्षेत्र में भी प्रेरणा

मुख्यमंत्री ने मर्काबार्ना में फूड बैंक, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली और फूड-टेक स्टार्टअप्स के लिए इनक्यूबेशन मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ये व्यवस्थाएं मप्र में नवाचार-आधारित कृषि नीति को मजबूती देंगी। निर्यात और वैश्विक पहुंच के लिए रणनीति पर जोर दिया। मर्काबार्ना प्रबंधन को मप्र में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा पीएम मोदी के 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र को आत्मसात करते हुए मप्र तैयार है।

# अमेरिका से व्यापार वार्ता में भारत को सतर्क रहने की जरूरत : राजन



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत के दौरान भारत को खासकर कृषि क्षेत्र को लेकर 'बहुत सतर्क' रहने और 'सूझबूझ' के साथ काम करने की जरूरत है। राजन ने बातचीत में कहा कि विकसित देश कृषि क्षेत्र को काफी सब्सिडी देते हैं और यह हमें ध्यान रखने की जरूरत है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर फिलहाल छह-सात प्रतिशत के दायरे में स्थिर हो गई है। हालांकि वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के चलते इसमें थोड़ी गिरावट हो सकती है। राजन ने कहा, ''कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यापार समझौते काफी जटिल हो जाते हैं क्योंकि हर देश अपने उत्पादकों को सब्सिडी देता है। भारत के उत्पादक अपेक्षाकृत छोटे हैं और उन्हें कम सब्सिडी मिलती है। ऐसे में यदि कृषि उत्पादों का निर्बाध आयात होने लगे तो इससे हमारे किसानों को नुकसान हो सकता है।''

### एफडीआई को बढ़ावा दिया जा सकता है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता इंडोनेशिया के साथ हुए समझौते की तर्ज पर ही होगा। इसका मतलब है कि कृषि क्षेत्र में आयात की अनुमति देने एक अहम मुद्दा बनने जा रहा है। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने सुझाव दिया कि विकसित देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादों जैसे क्षेत्रों में मूल्यवर्धन को बढ़ाया जा सकता है, जिससे देश के दुग्ध उत्पादकों को फायदा होगा।

### बीटीए को लेकर पांचवें दौर की बातचीत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर इस सप्ताह वाशिंगटन में पांचवें दौर की बातचीत हुई है। भारत अमेरिकी प्रशासन की तरफ से अप्रैल में घोषित 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क को हटाए जाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा भारतीय इस्पात एवं एल्युमीनियम पर लगे 50 प्रतिशत और वाहनों पर 25 प्रतिशत शुल्क से राहत देने की मांग रखी गई है।

## भारत के पास मोटर वाहन घटकों पर लगाए गए शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का आधार नहीं: अमेरिका

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका ने कहा है कि भारत के पास मोटर वाहन व उसके घटकों पर लगाए गए अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का कोई आधार नहीं है। अमेरिका ने भारत के उस दावे को खारिज कर दिया कि ये शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अधीन ''सुरक्षा उपाय'' हैं। भारत ने इन शुल्क को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के अधीन ''सुरक्षा उपाय'' बताया है जबकि अमेरिका लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि यह राष्ट्रीय हित में उठाया कदम है। अमेरिका ने कहा है कि इस आधार पर भारत के पास इन शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का कोई आधार नहीं है। भारत का कहना है कि वह मोटर वाहन व उसके घटकों पर अमेरिकी शुल्क (25 प्रतिशत) के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखता है और ये शुल्क ''सुरक्षा उपाय'' हैं जो उसके घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके जवाब में अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन को सूचित किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन वस्तुओं के आयात को समायोजित करने के लिए ये शुल्क लगाए हैं, क्योंकि इनसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है।

## लंदन नहीं, भारत से ही तय होगी सोने-चांदी की कीमत

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने वालों के लिए जल्द बड़ा बदलाव हो सकता है। भारतीय बाजार नियामक सेबी (सेबी) ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में सोना और चांदी की वैल्यूएशन को लेकर एकरूपता लाने के लिए नया प्रस्ताव जारी किया है। इसके तहत अब तक जो अंतरराष्ट्रीय एलबीएमए(लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) प्राइस का इस्तेमाल होता था, उसकी जगह घरेलू कमोडिटी एक्सचेंजों से मिलने वाला स्पॉट प्राइस लिया जा सकता है। सेबी का मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में अलग-अलग एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) अलग-अलग घरेलू बेंचमार्क और प्रीमियम/डिस्काउंट का उपयोग करती हैं, जिससे पूरे म्यूचुअल फंड सेक्टर में असंगति आ जाती है। इससे निवेशकों को भी भ्रम होता है और पारदर्शिता में कमी आती है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल** पुत्र **अमनपाल** निवासी **म. नं. 1717, जे–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 132/2022 U/s 33 Delhi Ex. Act, थाना सरिता विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है case **FIR No. 132/2022 U/s 33 Delhi Ex. Act, थाना सरिता विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
एलडी. न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 510, दक्षिण पूर्व जिला
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली
DP/9173/SE/2025(Court Matter)


### योजनाओं के पोर्टफोलियों में ओवरलैप होने से बचा जा सकेगा

# सेबी ने एमएफ योजनाओं के वर्गीकरण में स्पष्टता पर किया परामर्श जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को म्यूचुअल फंड (एमएफ) योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा का प्रस्ताव रखा ताकि स्पष्टता लाने के साथ ही योजनाओं के पोर्टफोलियो में 'ओवरलैप' की स्थिति यानी दोहराव से बचा जा सके।

निवेश पोर्टफोलियो में ओवरलैप की स्थिति उस समय बनती है जब कोई निवेशक अलग-अलग म्यूचुअल फंड या योजना में निवेश करता है, लेकिन उन फंड में अधिकतर निवेश एक ही कंपनियों या क्षेत्रों में किया गया होता है। इससे निवेश को लेकर जोखिम बढ़ जाता है।

### स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का यह प्रस्ताव कुछ एमएफ योजनाओं में पोर्टफोलियो का 'ओवरलैप' नजर आने के बाद आया है। सेबी ने यह महसूस किया कि समान पोर्टफोलियो वाली योजनाओं से बचने के लिए स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत है।

### *बिना निकासी शुल्क के बाहर निकलने का विकल्प*

*सेबी ने कहा, /"यदि इस अवधि के बाद भी विचलन बना रहता है, तो दोनों योजनाओं के निवेशकों को बिना किसी निकासी शुल्क के बाहर निकलने का विकल्प दिया जाएगा।/" बाजार नियामक ने पोर्टफोलियो के शेष हिस्से को इक्विटी, ऋण, सोना एवं चांदी, रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और ढांचागत निवेश ट्रस्ट (इनविट) में निवेश की अनुमति देने का सुझाव भी दिया है। सेबी ने इन प्रस्तावों पर आठ अगस्त तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।*

- ओवरलैप की स्थिति उस समय बनती है जब निवेश एक ही कंपनी में हो
- ऐसे निवेश को लेकर निवेशक का जोखिम बढ़ता है
- सेबी का यह प्रस्ताव ओवरलैप नजर आने के बाद आया






***ओवरलैप की स्थिति को हो निगरानी*** *: वहीं कॉन्ट्रा फंड के तहत कोष प्रबंधक लोकप्रिय बाजार भावना के उलट शेयरों का चुनाव करता है। नई कोष पेशकश (एनएफओ) लाने के समय और उसके बाद महीने के अंत में पोर्टफोलियो का उपयोग करके छमाही आधार पर ओवरलैप की स्थिति की निगरानी की जानी चाहिए।*

***वैल्यू और कॉन्ट्रा पेश करने की अनुमति*** *: सेबी ने अपने परामर्श पत्र में सुझाव दिया है कि म्यूचुअल फंडों को 'वैल्यू' और 'कॉन्ट्रा' दोनों फंड पेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए, लेकिन इसकी शर्त यह हो कि किसी भी समय योजनाओं के पोर्टफोलियो का 50 प्रतिशत से अधिक ओवरलैप न हो। वैल्यू फंड के तहत उन कंपनियों के शेयरों में निवेश किया जाता है जिनका मूल्यांकन भले ही कम हो लेकिन उनका आंतरिक मूल्य मजबूत हो।*

### बिजली वायदा में उच्च मार्जिन से सट्टेबाजी होगी कम: सेबी प्रमुख

सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि हाल में पेश किए गए बिजली वायदा खंड में उच्च प्रारंभिक मार्जिन की आवश्यकता से 'अनुचित सट्टेबाजी' कम होगी। एनएसई में बिजली वायदा खंड के शुभारंभ समारोह में पांडेय ने कहा कि अधिक अस्थिरता की स्थिति में अतिरिक्त मार्जिन भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''बिजली को एक से अधिक अस्थिर जिंस के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसके लिए उच्च प्रारंभिक मार्जिन की जरूरत होती है। इससे अनुचित सट्टा गतिविधियों को हतोत्साहित किया जा सकेगा।''


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | शास्त्री नगर, सुर्या नगर एक्सट.-04, वार्ड नं. 01, एम.सी. रोहतक में विभिन्न का निर्माण + 2 कार्य। | 17.07.2025 24.07.2025 | 1,05,79,170/- | https://etenders.hry.nic.in | 8708374707 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 14, एम.सी. रोहतक में भुवनेश टुटेजा के मकान से सोफिया हाई स्कूल तक, नर्सरी पार्क झंग कॉलोनी के साथ लगती गलियां, प्रथम जलघर चांद नगर के साथ लगती गली और रमेश खट्टर के मकान वाया डबल पार्क वाया अग्रवाल का मकान 208 एल से दिगम्बर जैन मंदिर, मॉडल टाउन तक सीसी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 17.07.2025 28.07.2025 | 1,77,81,387/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36744/I/88/7 दि. 18.07.25


## सोना 100 रुपये चढ़ा, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

- सोना बढ़कर 98,770 रुपए प्रति 10 ग्राम

बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। दूसरी तरफ, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये बढ़कर 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 12.38 डॉलर या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 3,351.53 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 501 अंक लुढ़का

**मुंबई।** तिमाही नतीजों की घोषणा की सुस्त शुरुआत के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 501 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 25,000 के स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 501.51 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,757.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 651.11 अंक गिरकर 81,608.13 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 143.05 अंक यानी 0.57 प्रतिशत गिरकर एक महीने के निचले स्तर 24,968.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि एक्सिस बैंक के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहने से निवेशकों ने बैंक शेयरों को लेकर सतर्क रुख अपना लिया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जून तिमाही में बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत घटकर 6,243.72 करोड़ रुपये रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"वित्त एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के शुरुआती नतीजे निराशाजनक रहने से व्यापक स्तर पर बिकवाली देखने को मिली। प्रमुख कंपनियों के ऊंचे मूल्यांकन के साथ एफआईआई की शॉर्ट पोजीशन लेने से निवेशकों के मन में सतर्कता की धारणा बनी है।"

- निफ्टी 25,000 के नीचे उतरा
- कंपनी नतीजों की घोषणा सुस्त


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL1615CNG REG. NO. HR38AD0560-YOM-2022
2) TATA MOTORS SIG3123CBC ENG. NO. UP13DT3543-YOM - NA
3) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAJ7754-YOM-2023
4) ASHOK_LEY GF3520 REG. NO. UP13DT0913-YOM- NA
5) CASE_NEW_H CASE_770 REG. NO. UP14HT7130-YOM- NA
6) TATA MOTORS T_LPT2518G REG.NO. UP15DT9156-YOM-2014
7) EICHR_VECV EICPRO3019 REG. NO. UP15HT5028-YOM-NA
8) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAN1537-YOM-NA
9) TATA MOTORS LPT1109FBP REG. NO. DL1MB0732-YOM-2022
10) TATA MOTORS LPT1212 REG. NO. HR38AE5785-YOM 2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com



**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com
Contact No. - 09454221467, 08305143251,09893404589

**-:: पुनः ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-**

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 04 दिनांक- 18/07/2025

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला- कबीरधाम में विभिन्न इंजीनिरिंग / इलेक्ट्रीक्लस सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311 /-रू. (1000 /-रू. + 311 /- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा क्रमांक - 172353 (Only OEM & Authorized Dealer) Welding, Valve etc Engineering Items | दिनांक 19/07/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 25/07/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 25/07/2025 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 2 | ई-निविदा क्रमांक - 172354 (Only OEM & Authorized Dealer) Oil & Oil Lubrication | दिनांक 19/07/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 25/07/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 25/07/2025 समय दोपहर 02:30 बजे से |
| 3 | ई-निविदा क्रमांक - 172355 (Only OEM & Authorized Dealer) Bearing Items | दिनांक 19/07/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 26/07/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 26/07/2025 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 4 | ई-निविदा क्रमांक - 172356 (Only OEM & Authorized Dealer / Experiences) Engineering & Electricals Work | दिनांक 19/07/2025 समय सायं 08:00 बजे से 26/07/2025 को समय दोपहर 02:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 26/07/2025 समय दोपहर 02:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

महाप्रबंधक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना
मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)



## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।


**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।


**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।


**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।


**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### आईटीआर-दो दाखिल करने ऑनलाइन सुविधा शुरू


**नई दिल्ली।** कर योग्य पूंजीगत लाभ आय वाले व्यक्ति और हिंदू अविभाजित परिवार अब वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न आईटीआर-2 दाखिल कर सकते हैं। आईटीआर-2 आयकर रिटर्न फॉर्म अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर पहले से भरे हुए आंकड़ों के साथ ऑनलाइन माध्यम से दाखिल किए जा सकते हैं। आईटीआर-2 उन व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) द्वारा दाखिल किये जाते हैं, जिन्हें पूंजीगत लाभ से आय होती है, लेकिन व्यवसाय या पेशे से कोई आय नहीं होती है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड 13, एमसीआर में तिलक नगर में एस.एस. ढाका (म. नं. 732, तिलक नगर) से वाया धर्मपाल नांदल वाया फौजी चौक से बी.एस. दहिया (593-ए) और फौजी की दुकान के साथ लगती गली से खत्री हाउस (701/29) तक सी.सी. गली का निर्माण + 5 कार्य। | 16.07.2025 23.07.2025 | रु. 2,17,24,281/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में जगबीर कुरयाना स्टोर से शीले पंडित के मकान तक, अशोक पुत्र रामहर, रेशी के मकान वाली गली, होशियार के मकान वाली गली, मनजीत पुत्र होशियार सिंह के मकान प्रीत सिंह की तरफ से चमारों वाली चौपाल, प्रवीन से जस्सु, मीरा सांडा के मकान से काला तक, धर्मबीर के मकान से दयानंद तक, बलवंत के मकान से प्यारे तक, रमेश के मकान से बिल्लू तक, हरीश के मकान सामने वाली गली और सुभे के मकान से विजय पुत्र भूप वाली गली और फरान पाना गांव बलियाना में ब्रांच गली में आईपीबी टाइल गली का प्रावधान व पुनः बिछाना + 1 कार्य। | 17.07.2025 24.07.2025 | रु. 67,38,142/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक, वार्ड नं. 9 के अधिकार-क्षेत्र के तहत सेक्टर-3 में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग + 2 कार्य। | 17.07.2025 28.07.2025 | रु. 3,95,99,644/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/36726/I/88/7 दि. 18.07.25


### शब्द पहेली - 5932




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज–5
4.नट का खेल–4
7.राय,वोट–2
8.दुरुह,कठिन–3
9.प्रहार,घात–2
10.अचरज भरा कार्य–4
11.शराब,मद्य–2
13.साझेदार–4
14.क्षण,लम्हा–2
16.सहयोग–3
18.अड़िग–3
19.कैद, बंधक–3,2
21.चुगली करना–2,3
24.धावक (अंग्रेजी–3)
26.अग्नि, आग–3
28.टैक्स, हाथ–2
29.एक मुगल सम्राट–4
30.टकटकी–2
32.कैंची से काटना–4
33.आत्मा–2
35.सीरा,मिष्ठान–3
36.आगमन–2
37.जोरदार–4
38.तेज दौड़ना–5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत–2
2.झगड़ा,रार–4
3.फिल्मी दुनिया–3,2
4.लेखनी,पेन–3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
6.वटवृक्ष–4
7.मन को भाने वाला–5
10.बुरा आचरण–4
12.यमराज–2
15.चुनौती–4
17.विदरण,एकता भंग–3
18.आर्द्रक–4
20.भूमि,धरती–3
22.आवेश में आना–4
23.नामकरण–2,3
25.नरक में रहना–5
26.जामफल–4
27.बेल,लतिका–2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना–4
31.जलजला–3
34.मैं का बहुवचन–2
36.रुपये का सोलहवां भाग–2

**शब्द पहेली- 5931 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | | | ब | ह | रा | |
| मा | मा | | या | | अ | द | द | | ह | क |
| ज | | | स | ज | दा | | न | | | हा |
| वा | र | दा | त | | | श | | प | नी | र |
| दी | | मि | | ह | म | रा | ज | | र | |
| | रा | नी | | रा | | फ | | बी | ज | |
| | ह | | श | र | ब | त | | ह | | म |
| क | त | रा | | त | | | अ | ड़ | च | न |
| हा | | | चिं | | म | लि | न | | | भा |
| नी | र | | त | न | य | | ब | | श | व |
| | थ | का | न | | | म | न | मो | ह | न |



# आईपीएल बनी 'सोने की मुर्गी', बीसीसीआई की 2023-24 में छप्परफाड़ कमाई! सिर्फ ब्याज से मिले 987 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने साल 2023-24 के लिए अपनी कमाई का खुलासा किया है। बोर्ड को सबसे ज्यादा कमाई इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण अधिकार से हुई है। आईपीएल बीसीसीआई के लिए सोने की मुर्गी बन गई है। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का खजाना लगातार बढ़ रहा है। इसका श्रेय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीग मानी जाने वाली आईपीएल की बढ़ती लोकप्रियता को दिया जा रहा है।



### बोर्ड के पास 30 हजार करोड़ का रिजर्व

इसके अलावा बोर्ड ने पिछले फाइनेंशियल ईयर में सिर्फ ब्याज से 987 करोड़ रुपए कमाए थे। इस दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल डिस्ट्रीब्यूशन से उन्हें 1,042 करोड़ रुपए मिले हैं। ये नहीं बीसीसीआई को आईपीएल के अलावा रेवेन्यू बढ़ाने के लिए रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी या सीके नायडू ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट के आयोजन से भी काफी मदद मिलती है। इन भी घरेलू टूर्नामेंट से भी बोर्ड को काफी फायदा होता है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि बोर्ड के पास लगभग 30 हजार करोड़ का रिजर्व है।

### कमाई में आईपीएल का 59 प्रतिशत योगदान

*एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की हुई कमाई में अकेले आईपीएल ने 59 प्रतिशत का योगदान दिया है। बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया को 2023-24 में इंडियन प्रीमियर लीग से कुल 5.761 करोड़ रुपए की कमाई हुई। बीसीसीआई ने साल 2023 से 2027 के लिए आईपीएल के प्रसारण अधिकार कुल 48,390 करोड़ रुपये में बेचे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने वित्त वर्ष 23-24 में 9,741.7 करोड़ रुपए का रेवेन्यू अर्जित किया, जिसमें आईपीएल का योगदान 5,761 करोड़ रुपए है। आईपीएल के बिना मीडिया राइट्स से भी बीसीसीआई को अच्छी कमाई हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल टूर्नामेंटों के प्रसारण अधिकारों सहित नॉन-आईपीएल मीडिया अधिकारों की बिक्री से 361 करोड़ रुपए की कमाई हुई।*



### महिला प्रीमियर लीग से 378 करोड़ की कमाई

वहीं बीसीसीआई ने आईपीएल की सफलता के बाद महिला प्रीमियर लीग की भी शुरुआत की थी। इसके 2023-24 सीजन से उन्होंने 378 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा भारतीय टीम जब दूसरे देशों में क्रिकेट खेलने जाती हैं तो भी उनकी कमाई होती है। पुरुष क्रिकेट टीम के दौरे से बोर्ड ने 361 करोड़ रुपए की कमाई की है यहीं नहीं बाकी चीजों से भी बीसीसीआई ने 2023-24 में 400 करोड़ रुपए की कमाई की। इसमें एडवरटाइजमेंट और बाकी चीजें शामिल हैं। कमाई के मामले में बाकी देशों के बोर्ड बीसीसीआई से काफी पीछे हैं।

## खबर संक्षेप



### ईस्ट बंगाल के लिए खेलेंगे ब्राजील के मिगुएल

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग क्लब ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा, फलस्तीन के मोहम्मद राशिद और अर्जेंटीना के डिफेंडर केविन सिबिल के साथ करार की घोषणा की। लंबे कद के मिडफील्डर फिगुएरा बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स से जुड़े हुए थे, जिसके साथ उनका कार्यकाल काफी सफल रहा। इसमें उन्होंने 2021-24 तक लगातार तीन बांग्लादेश प्रीमियर लीग खिताब और लगातार दो इंडिपेंडेंस कप (2022-24) जीते। बशुंधरा में शामिल होने से पहले वह ब्राजीलियाई सीरी बी क्लब गोइयास ईसी में थे, जिसमें उन्होंने 64 मैच में 37 गोल दागे थे।

### अंडर-31 ब्रिज टीम ने जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-31 ब्रिज टीम ने 19वीं विश्व युवा टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जबकि अंडर-16 टीम चौथे स्थान पर रही। इटली के साल्सोमगिओरे में आयोजित टूर्नामेंट का अंतिम दिन यह दोनों भारतीय टीमें पोडियम स्थान (शीर्ष तीन) हासिल करने की दौड़ में थीं। अंडर-16 टीम दो करीबी सेटों के बाद सेमीफाइनल प्लेऑफ में फ्रांस से हार गई। यह टीम हालांकि इस प्रतियोगिता के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। अंडर-31 टीम ने 'बोर्ड ए मैच' स्पर्धा में 24 प्रतिस्पर्धी टीमों में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। अंडर-16 टीम में प्रखर बंसल, विहा गहरोत्रा, अनन्या मेहता, जशित नारंग, अधियमान जोडिपाचे और अगिलन जोडिपाचे शामिल थे।

### विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगे आडवाणी

**मनामा (बहरीन)।** तीन बार के चैंपियन पंकज आडवाणी शनिवार से यहां शुरू हो रही विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में मजबूत भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। पिछले महीने कोलंबो में एशियाई टीम स्नूकर चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व करने के बाद आडवाणी विश्व चैंपियनशिप में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। आडवाणी को बृजेश दमानी और आदित्य मेहता के साथ वाइल्डकार्ड मिला। टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर आडवाणी ने कहा, ''मैं अभी अपने खेल को लेकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।''

### शिलांग लाजोंग के मुख्य कोच बने बीरेंद्र थापा

**शिलांग।** मेघालय की शिलांग लाजोंग एफसी ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र से पहले पूर्व खिलाड़ी और लंबे समय से क्लब से जुड़े बीरेंद्र थापा को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोच बीरू के नाम से लोकप्रिय थापा पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल से जुड़े हुए हैं।

## लॉर्ड्स में दूसरा वन डे आज, दोपहर 3:30 बजे होगा शुरू

# भारतीय महिला टीम की निगाह इंग्लैंड से वनडे सीरीज जीतने पर

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

कई मैच विजेता खिलाड़ियों से सजी भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाने के साथ ही आगामी विश्व कप के लिए अपनी पुख्ता तैयारी को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी।

भारत ने साउथम्प्टन में पहला मैच चार विकेट से जीता था और लॉर्ड्स में जीत से वह तीन मैचों की इस श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। इससे हाल के दिनों में इस प्रारूप में उसकी जीत का सिलसिला भी जारी रहेगा, जिसमें मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में मिली जीत भी शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसकी मेजबानी भारत इस वर्ष के अंत में करेगा। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के कारण विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, जो मुख्य कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर के लिए अच्छा सिरदर्द है।



### दीप्ति ने पहले वन डे मारा था एक हाथ से छक्का

स्पिन विभाग भी काफी मजबूत है, जिसमें अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर एन. श्री चरणी के अलावा अनुभवी दीप्ति, स्नेहा राणा और राधा यादव भी शामिल हैं। पहले वनडे में नाबाद अर्धशतक जमा कर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति ने अपनी इस पारी के दौरान ऋषभ पंत की तरह एक हाथ से छक्का लगाया था। शनिवार को होने वाले मैच में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले इंग्लैंड को टी20 श्रृंखला में हराया था और अब वनडे श्रृंखला जीतने से उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मनोबल और बढ़ेगा। जहां तक इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसको जीत हासिल करने के लिए खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### तेज गेंदबाज रेणुका और पूजा चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर

टीम में कुछ ऐसे स्थान हैं, जिनमें टीम प्रबंधन के पास कई विकल्प हैं। टीम की गहराई और बेंच स्ट्रेंथ पहले कभी इतनी अच्छी नहीं रही। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रही हैं। उनकी अनुपस्थिति में टीम ने पहले मैच में थोड़ी अधिक अनुभवी अरुंधति रेड्डी की जगह क्रांति गौड़ को तरजीह दी और इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दो विकेट लेकर अपना प्रभाव छोड़ा। प्रतीका रावल शीर्ष क्रम में स्मृति मंधाना की जोड़ीदार के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरी हैं, जबकि शैफाली वर्मा भी टी20 अंतरराष्ट्रीय, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और घरेलू क्रिकेट में अपने फॉर्म के कारण दावेदार बनी हुई हैं। हरलीन देओल भी अच्छी फॉर्म में हैं और अगर शैफाली निकट भविष्य में अंतिम एकादश में वापसी करती हैं तो रावल को तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। ऐसी स्थिति में देओल को टीम में शामिल करना मुश्किल होगा, जिसके बल्लेबाजी विभाग में हरमनप्रीत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष भी शामिल हैं।

## खेली थी 61 रनों की नाबाद पारी

# लॉर्ड्स टेस्ट में जडेजा की जुझारू पारी मिला सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का तमगा



एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की प्रशंसा करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में उनके प्रदर्शन को अविश्वसनीय जुझारूपन करार दिया, जिसके लिए उन्हें टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) का तमगा भी दिया गया। जडेजा 181 गेंदों पर 61 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उनकी इस शानदार पारी के बावजूद भारत तीसरे टेस्ट में 22 रन से हार गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें गंभीर ने जडेजा की जमकर तारीफ की है। गंभीर ने 'द एमवीपी फीट रवींद्र जडेजा' शीर्षक वाले वीडियो में कहा, 'यह अविश्वसनीय जुझारूपन था। जडेजा की जुझारू पारी वास्तव में शानदार थी।' भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और उसके शीर्ष आठ बल्लेबाज 40 ओवर से भी कम समय तक टिक सके। लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जडेजा ने दृढ़ता से काम किया और पुछल्ले बल्लेबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर साहस और धैर्य का शानदार परिचय दिया। बुमराह ने 54 गेंदों का सामना करते हुए पांच रन और सिराज ने 30 गेंदों पर चार रन बनाए। भारत 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया और इस तरह से पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे हो गया।

### जडेजा में दबाव झेलने की क्षमता

वीडियो में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा, 'जडेजा की बल्लेबाजी एक अलग ही स्तर पर पहुंच गई है। पिछले दो टेस्ट मैचों में उन्होंने, जो धैर्य दिखाया वह वास्तव में काबिले तारीफ है। मैं उन्हें वर्षों से खेलते हुए देख रहा हूं। मैंने देखा है कि उन्होंने अपने खेल को कैसे निखारा है। उनका डिफेंस बहुत मजबूत है और वे एक बेहतरीन बल्लेबाज लगते हैं।' भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने कहा, 'मुझे हमेशा लगता था कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता है। वह आमतौर पर कुछ ऐसा करते हैं, जिसकी टीम को किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में जरूरत होती है। वह टीम के लिए वाकई बहुत मूल्यवान हैं।' तेज गेंदबाज सिराज ने कहा, 'उनके जैसा खिलाड़ी मिलना बहुत मुश्किल है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारी टीम में ऐसा खिलाड़ी है।'

# बटलर ने टी20 क्रिकेट में पूरे किए 13 हजार रन, बने वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड में खेली जा रही उनके घरेलू टी20 टूर्नामेंट टी20 ब्लास्ट में जोस बटलर ने यॉर्कशायर टीम के खिलाफ हुए गुरुवार को हुए मैच में एक बड़ी उपलब्धि अपने करियर में हासिल की। बटलर, जो लंकाशायर की टीम से खेलते हैं उनके बल्ले से इस मुकाबले में 77 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली, जिसके दम पर वह इंग्लैंड की तरफ से टी20 क्रिकेट में 13 हजार रनों का आंकड़ा पूरा करने वाले वर्ल्ड क्रिकेट के 7वें खिलाड़ी बन गए हैं।



### बटलर का टी20 कॅरियर

जोस बटलर का टी20 करियर देखा जाए तो वह वर्ल्ड क्रिकेट की अधिकतर टी20 लीग में खेलते हुए दिखते हैं, जिसमें उन्होंने अब तक कुल 457 मैचों में 35.74 के औसत से कुल 13046 रन बनाए हैं। वहीं बटलर के बल्ले से टी20 में 8 शतकीय तो 93 अर्धशतकीय पारियां भी देखने को मिली हैं। जोस बटलर का टी20 क्रिकेट में स्ट्राइक रेट 145.97 का है।

### टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| क्रिस गेल | - 14562 रन |
| कायरन पोलार्ड | - 13854 रन |
| एलेक्स हेल्स | - 13814 रन |
| शोएब मलिक | - 13571 रन |
| विराट कोहली | - 13543 रन |
| डेविड वॉर्नर | - 13395 रन |
| **जोस बटलर** | **- 13046 रन** |

## यूरो 2025: इंग्लैंड सेमीफाइनल में...



**ज्यूरिख।** इंग्लैंड ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में स्वीडन को 3–2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना मंगलवार को इटली से होगा।

### आईसीसी ने प्रतीका पर लगाया जुर्माना

***दुबई।*** *भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतीका रावल और इंग्लैंड की टीम पर शुक्रवार को साउथम्पटन में खेले गए तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं में लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। रावल को 18वें ओवर के दौरान इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन फाइलर और उसके अगले ओवर में सोफी एक्लेस्टोन के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क बनाने का दोषी पाया गया।*

## फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज : प्रज्ञानानंदा खिताब की दौड़ से बाहर

# अर्जुन का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| लास वेगास

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर यहां 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन आर. प्रज्ञानानंदा अमेरिका के फैबियानो कारूआना से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव पर 1.5-0.5 से जीत हासिल की, लेकिन प्रज्ञानानंदा एक कड़े मुकाबले में कारूआना से 3-4 से हार गए।

क्वार्टरफाइनल चरण में लेवोन अरोनियन और हंस मोके नीमन की अमेरिकी जोड़ी भी जीत हासिल करने में सफल रही। उन्होंने क्रमशः अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव को हराया। जहां अरोनियन ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत हासिल की, वहीं निमन को सिंडारोव को 4-2 से हराने में अधिक समय लगा।



सेमीफाइनल में अर्जुन का मुकाबला अरोनियन से जबकि नीमन का कारूआना से होगा।

### कार्लसन ने विदित को हराया

निचले वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी जीत की लय वापस पा ली। उन्होंने भारत के विदित गुजराती को आसानी से 2-0 से हराया। निचले वर्ग के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के वेस्ली सो ने हमवतन सैमुअल सेवियन को जबकि लीनियर डोमिनगेज पेरेज ने कजाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेवा को 1.5-0.5 के समान अंतर से हराया। पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने अमेरिका के ही रॉबसन रे को 2.5-1.5 के अंतर से पराजित किया।

### एरिगैसी ने शुरुआत से ही बनाई बढ़त

अर्जुन ने दोनों ही बाजी में शानदार प्रदर्शन किया और शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी। दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए भारतीय खिलाड़ी ने शुरुआत में ही अपनी स्थिति मजबूत कर ली और फिर अब्दुसत्तोरोव को आसानी से मात दी। इससे पहले पहली बाजी में भी अर्जुन ने बढ़त हासिल की थी, लेकिन बाद में कुछ गलतियों के कारण उज्बेक खिलाड़ी को आधा अंक मिल गया।

### प्रज्ञानानंदा नहीं रख पाए लय बरकरार

प्रज्ञानानंदा और कारूआना के बीच कुल सात निर्णायक बाजियां खेली गई। इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने तीन बार बढ़त बनाई। प्रज्ञानानंदा ने पहली बाजी जीती लेकिन दूसरी बाजी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। छठी बाजी तक यह सिलसिला बना रहा। इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने सातवीं बाजी जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। प्रज्ञानानंदा इस हार से सात अन्य खिलाड़ियों के साथ निचले ब्रैकेट में खिसक गए हैं।

# ओलिविया स्मिथ बनी दुनिया की सबसे महंगी महिला फुटबॉलर



एजेंसी ▶▶| लंदन

ओलिविया स्मिथ महिला फुटबॉल इतिहास की सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं हैं। आर्सेनल ने कनाडा की इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को 10 लाख पाउंड (लगभग 11 करोड़ 57 लाख रुपए) की विश्व रिकॉर्ड ट्रांसफर फीस पर लिवरपूल से अपनी टीम में शामिल किया।

महिला फुटबॉल में यह नई धनराशि जनवरी में सैन डिएगो वेव से नाओमी गिर्मा को अपनी टीम से जोड़ने के लिए चेल्सी की ओर से भुगतान की गई 900,000 पाउंड की राशि को पार कर गई है। आर्सेनल की महिला फुटबॉल निदेशक क्लेयर व्हीटली ने कहा, 'वह खेल की सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं और क्लब में आगे बढ़ने की उनमें अपार संभावनाएं हैं।' अनुबंध के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि इस फॉरवर्ड ने चार साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## निमिषा प्रिया की फांसी पर असमंजस के बीच जयशंकर ने किया 'ऑपरेशन राहत' को याद

### राजधानी में एयरफोर्स स्कूल के 70वें स्थापना दिवस समारोह को विदेश मंत्री ने किया संबोधित

### ❑ युवा छात्रों को चार संदेशों के जरिए बताए स्कूली जीवन के फायदे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इन दिनों देश के कूटनीतिक गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में सुनाई गई फांसी की सजा के मामले पर हो रही है। 16 जुलाई को उन्हें फांसी होनी थी। लेकिन उससे ठीक पहले युद्धस्तर पर जारी विदेश मंत्रालय और राज्य के ही मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम मुसलियार के प्रयासों के चलते फिलहाल सजा टल गई है। मंत्रालय मामले में खाड़ी में भारत के कुछ मित्र देशों की मदद भी ले रहा है। इन सबके बीच शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर ने यमन का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा समय में सभी नागरिकों का ध्यान भारत सरकार की कूटनीति पर है। क्योंकि मुसीबत के वक्त हमने अभियान चलाकर अपने



नागरिकों की रक्षा की है। कूटनीति के जरिए ही हमने यमन में गृहयुद्ध के बीच फंसे हुए भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन राहत चलाया था। अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने निमिषा प्रिया का प्रत्यक्ष रूप से नाम लिए बगैर यह बात कही। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन में फंसे हुए भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए चलाए गए ऑपरेशन गंगा के साथ-साथ अफगानिस्तान, नेपाल से भी मुसीबत के दौरान अपने देश के नागरिकों को वापस लाने के सरकारी प्रयासों, अभियानों के बारे में जानकारी दी। यह जानकारी विदेश मंत्री ने दिल्ली में एयरफोर्स स्कूल के 70वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए दी। जिसके वह भी पूर्व छात्र रहे हैं।

**इन चार संदेशों को याद रखें छात्रः** जयशंकर ने कहा कि स्कूल जाने वाले छात्र चार संदेशों को याद रखें। जिनमें सबसे पहले स्कूल को गंभीरता से लें-शिक्षकों की बात सुनें। दूसरा, दुनिया में रूचि लें क्योंकि हम वैश्वीकरण के युग में रह रहे हैं। जहां दुनिया हमारे घर तक पहुंच चुकी है। हम जो कुछ भी करते हैं, उसे आकार दुनिया ही देती है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर भारत बतौर देश और समाज के रूप में समृद्ध होना चाहता है। अगर हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आकांक्षा रखते हैं, तो हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम वैश्विक दुनिया की सच्चाई को पहचाने और उसे स्वीकार करें कि कैसे वह हमें प्रभावित करती है? कोविड-19 इसका बड़ा उदाहरण है। ये महामारी एक देश से शुरू होकर समूचे विश्व में फैल गई थी। दुनिया में जो चीजें हो रही हैं उनमें रूचि लेने की उन्होंने छात्रों से अपील की और कहा कि आज के छात्र कुछ 'रेडिकली अलग' हैं। जो एआई, तकनीक, ड्रोन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी से प्रभावित हैं।

**शिक्षा के मूल्यों को रेखांकित कियाः** उन्होंने स्कूली शिक्षा के मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूल में जो गुण हम सीखते हैं। वो बाकी जीवनभर हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं। जैसे टीम वर्क, लोगों की खूबियों को पहचानना और सामूहिक फायदे के लिए एकजुट होकर काम को आगे बढ़ाना मुख्य है। यही काम हम कूटनीति में भी करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि मैंने अपना अधिकांश जीवन कूटनीति की दुनिया में बिताया है। जिसमें हम हर समय बातचीत करते रहते हैं। क्योंकि आपको अपने प्रतिद्वंद्वियों से अच्छी तैयारी में रहना होता है। एक प्रकार से ये उनसे आगे निकलने जैसा है। छात्र भी ऐसा कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें शिक्षकों द्वारा बताए गए अच्छे गुणों को आत्मसात करना पड़ेगा।

**छात्रों के साथ साझा किए अपने अनुभव :** उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि हमेशा स्वस्थ बने रहें और कोई एक खेल संबंधी गतिविधि जरूर करें। जिससे प्रतियोगिता की भावना बनी रहती है। विदेश मंत्री ने छात्रों से जीवन को उत्साह के साथ जीते हुए अपने आप को पहचानने के लिए कहा और एक तस्वीर का भी जिक्र किया। जिसमें पासिंग आउट के बाद वह सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए हैं। जयशंकर ने कहा, हमेशा ये माना जाता है कि अंतिम पंक्ति में कोई होशियार नहीं होता। लेकिन उन्हें इसके साथ कोई समस्या नहीं है।

---

यूएन में एक अनौपचारिक वार्ता को संबोधित करते हुए बोले भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश

## भारत ने किया यूएनएससी में तत्काल समयबद्ध सुधारों का आह्वान



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को एक बार फिर से मजबूती के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल और समयबद्ध सुधारों का आह्वान किया है। यह जानकारी यूएन में आयोजित की गई एक अनौपचारिक वार्ता को संबोधित करते हुए भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पी. हरीश ने दी। उन्होंने कहा कि भारत का यह तर्क 'भविष्य के लिए समझौता' के तहत वैश्विक सहयोग को मजबूत बनाने से जुड़ा हुआ है। मूलरूप से यह एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है। जिसे पिछले वर्ष 2024 में भविष्य के शिखर सम्मेलन के दौरान स्वीकार किया गया था। समझौते का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाना और वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों का समाधान करना है। भारत के राजदूत ने अपने संबोधन में वैश्विक संस्थाओं जैसे विश्व बैंक, आईएमएफ, डब्ल्यूटीओ और जी-20 से जुड़ी प्रक्रियाओं के साथ सामंजस्य पर भी जोर दिया।

### यूएनएससी के विस्तार पर दें ध्यान

उन्होंने कहा कि हमें परिषद के विस्तार के साथ ही वैश्विक वित्तीय ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना होगा। जहां पर्याप्त रूप से ध्यान नहीं दिया गया है। यूएनएससी में ज्यादातर देश यानी बहुमत इसे लेकर राजी है कि इस वैश्विक निकाय को वर्तमान की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के साथ ही परिषद की विश्वसनीयता को भी बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें यथास्थिति को बनाए रखने के सभी प्रयासों का विरोध करना चाहिए। भारत उक्त समझौते के सफल क्रियान्वयन के लिए तमाम हितधारकों और भागीदारों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि वर्ष 2028 की समीक्षा परिणाम पर आधारित होने के साथ ही दूरदर्शी होनी चाहिए।

## ईयू की पाबंदियों पर भारत की करारा जवाब, दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) की ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी हालिया पाबंदियों को लेकर भारत ने शुक्रवार को सख्त लहजे में अपनी प्रतिक्रिया दी है।

जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने ईयू द्वारा की गई पाबंदियों की घोषणा को देखा है। भारत पाबंदियों के संबंध में किसी भी एकतरफा कदम को स्वीकार नहीं करता है। हम एक जिम्मेदार देश होने के नाते अपनी वैश्विक कानूनी बाध्यताओं को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, भारत की सरकार ऊर्जा सुरक्षा के मामले को जिम्मेदारी के साथ और अपने देश की आम जनता की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के रूप में देखती है। हम इस बात पर जोर देंगे कि ऊर्जा व्यापार के मामले में कोई दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए।

ओआईसी में जाकर लगाई गुहार

## सिंधु समझौते पर गिड़गिड़ाया पाक, किसी ने नहीं दिया साथ



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की तरफ से सिंधु जल समझौते को रोके जाने का दुख पाकिस्तान ने मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी में भी सुनाया है। पाकिस्तान 57 मुसलमान देशों की संस्था इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक में यह बात रखी लेकिन ओआईसी ने इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जेद्दा में आयोजित ओआईसी के ह्यूमन राइट्स कमिशन के 25वें सत्र में 'राइट टू वार' नाम से आयोजित सेशन को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि सैयद फवाद शेर ने कहा कि हमारे अधिकारों का भारत की ओर से हनन किया जा रहा है। भारत का यह फैसला मनमाना है।

### हमारे लिए यह बड़ी परेशानी

सैयद शेर ने कहा कि हमारे लिए यह बड़ी परेशानी है। हालांकि पाकिस्तान के इस रुख के बाद भी मुस्लिम देशों के संगठन ने अब तक कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिसमें इस मसले का कोई जिक्र हो। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। इसके अलावा सिंधु समेत सभी नदियों पर बांध आदि परियोजनाओं पर तेजी लाई जा रही है। इनके माध्यम से पाकिस्तान की ओर से जाने वाले पानी का इस्तेमाल किया जाएगा।

### पानी की कमी से खतरा पैदा होगा

सैयद शेर ने कहा कि पानी तो हमारे लिए मूल अधिकार की तरह है, लेकिन भारत उसे भी हमसे छीनने की कोशिश कर रहा है। हम तो पहले ही पानी के संकट का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यदि भारत से आने वाली नदियों में पानी की कमी हुई तो हमारे आगे मुश्किल हालात होंगे। उन्होंने कहा कि इससे हमारे इलाके में जलवायु का संकट पैदा हो सकता है। पानी की किल्लत होगी और खेती से लेकर तमाम जरूरी चीजों पर खतरा पैदा होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109